कुल मिलाकर, वैश्वीकरण ने स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक परिवर्तन को प्रोत्साहित किया है, जिससे लोग नए दृष्टिकोण और समृद्धि की दिशा में बढ़ रहे हैं।

अंत में, इस प्रकार के वैश्वीकरण के प्रभावों को संतुलित रूप से प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है ताकि समृद्धि के साथ ही स्थानीय समृद्धि को भी बनाए रखा जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. https://en-m-wikipedia-
2. https://www-britannica-com.
3. http://www.socialresearchfoundation.com
4. https://mgcub.ac.in
5. https://translate.google.com
6. https://triumphias-com
7. https://www.iasbook.com
8. https://translate.google.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

संगठनात्मक व्यवहार अवधारणा

भूपेन्द्र कुमार नायक*

* शोधार्थी, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच व विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संगठनात्मक व्यवहार की अवधारणा निश्चित एवं स्थिर नही है अपितु यह व्यक्ति एवं समूहों के व्यवहार पर आधारित है जो कि स्थान, समय एवं परिस्थितियों पर निर्भर करता है। कौन–सा व्यक्ति एवं समूह किस स्थान पर, किस समय एवं किस परिस्थिति में कैसा व्यवहार करेगा–यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। साथ ही स्थान, समय एवं परिस्थितियों में भी परिवर्तन होते रहते है। उदाहरण के लिये भारत में स्थित विभिन्न व्यवसायिक उपक्रमों में कार्य करने को परिस्थितियाँ समान न होकर भिन्न–भिन्न हैं। यही नहीं, भारत के व्यावसायिक उपक्रमों में कर्मचारियों के कार्य करने की परिस्थितियाँ अमरीका के व्यावसायिक उपक्रमों में कार्य करने की परिस्थितियों की तुलना में सर्वथा भिन्न हैं जिसके कारण दोनों स्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों करने वाले कर्मचारीयों एवं उनके समूहों के व्यवहार करने के ढंगों में सर्वथा भिन्नताएँ हैं। जहाँ एक और भारत में स्थित अधिकांश कारखानों में कार्यरत श्रमिकों को न्यूनतम एवं आधारभूत सुविधाएँ तक पाने के लिए भी प्रबन्धकों से संघर्ष करना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर, पश्चिमी देशों में स्थित कारखानों में कार्यरत श्रमिकों को इस प्रकार सुविधाएँ तो स्वत: ही प्राप्त हो जाती हैं अपितु उन्हें अपनी अन्य प्रकार की सुविधाओं (जैसे – प्रेरणात्मक मजदूरी पद्धति, अधिक बोनस, अभिप्रेरण आदि) के लिए संघर्ष करना पड़ता है। यही नहीं, संगठन के प्रारूपों में भी भिन्नताएँ पायी जाती हैं जिसके कारण संगठनात्मक व्यवहारों में भी भिन्नताएँ पायी जाती हैं। यहाँ तक के प्रबन्धात्मक रूपी नेतृत्व की शैलियों में भी विभिन्नताओं के कारण हमें विभिन्न प्रकार के संगठनात्मक व्यवहारों का अनुभव होता है। यही कारण है कि अब तक संगठनात्मक व्यवहार की अनेक अवधारणाएँ विकसित हो चुकी हैं। इन विभिन्न अवधारणाओं पर विचार करने से पूर्व एक लघु कथा का यहाँ उल्लेख करना अनावश्यक न होगा। कथानक के अनुसार पाँच अन्धे व्यक्तियों ने एक हाथी को पकड़ लिया और जिसके हाथ में हाथी को जो अंग आया, वह उसी रुप में हाथी की अवधारणा करने लगा। हाथी का पैर पकड़ने वाले अंधे व्यक्ति ने उसे खंभा जैसा बताया, पूँछ पकड़ने वाले व्यक्तिज ने उसे सर्प की संज्ञा दी। सूँड पकडने वाले व्यक्ति ने उसे बिल्ली जैसा बताया, कान पड़ने वाले व्यक्ति ने उसे सूप जैसा बताया और पेट पकड़ने वाल व्यक्ति ने हाथी को मषाक जैसा बताया। इसी प्रकार संगठनात्मक व्यवहार को भी जिस व्यक्ति ने जिस रुप में देखा, उसने उसी के अनुरुप संगठनात्मक व्यवहार की अवधारणा कर ली।

हमारी सम्मति में संगठनात्मक व्यवहार की विभिन्न अवधारणाओं का वर्णन करने से पूर्व 'अवधारणा' शब्द का अर्थ स्पष्ट करना आवश्यक है। वेब्स्टर शब्दकोष के अनुसार, अवधारणा एक निराकार विचार है जिसे विभिन्न उदाहरणों या दृष्टान्तों से सामान्यीकृत किया गया है। वास्तव में, अवधारणा एक विचार मन:स्थिति या धारणा है जो किसी भी वस्तु, क्रिया, तकनीक आदि के संबंध में व्यक्ति के मन–मस्तिष्क पर अंकित होती है।

संगठनात्मक व्यवहार की अवधारण के तीन अतिचर्चित आयाम है – संरचना, प्रक्रिया तथा मूल्य। संरचना से किसी तन्त्र के विभिन्न उपतन्त्रों के मध्य सम्बन्धों एवं भूमिकाओं के ताने–बाने का आभास मिलता है। प्रक्रिया किसी तन्त्र द्वारा निष्पादित गतिविधियों तथा उन गतिविधियों की क्रमबद्धता तथा चरणबद्धता को कहते हैं। मूलत: यह तन्त्र को विषय–सामयी सुलभ कराती है। मूल्य तन्त्र के लक्ष्य होते हैं तथा में दिशाएँ है जिनमें व्यवस्था को जाना जाता है तथा जैसे व्यवहार की कर्मचारियों से आशा की जाती है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि संगठनात्मक व्यवहार की विभिन्न अवधारणायें होती हैं। उनमें से कुछ प्रमुख संगठनात्मक व्यवहार की अवधारणाएँ निम्नलिखित है–

(1) व्यक्तिगत व्यवहार अवधारणा – किसी भी संगठन की संरचना व्यक्तियों से होती है। संगठनात्मक तन्त्र में व्यक्ति उसका मूल आधार होता है। संगठन संरचना के प्रत्येक व्यक्ति की अपनी एक अलग पहचान एवं जगह होती है। किसी भी व्यक्ति की संरचना में उसकी शारीरिक रचना, व्यक्तित्व तथा मूल भौतिक एवं मानसिक गुण महत्वपूर्ण होते हैं। इनमें से कुछ बातें तो उसे विरासत में मिलती है तथा कुछ उसके पर्यावरण के साथ सम्पर्क में आने पर विकसित होती हैं। इस सन्दर्भ में सम्प्रेषण प्रक्रिया दृष्टिकोण तन्त्र तथा अभिप्रेरणा प्रक्रिया अपनी भूमिका निभाती है। लोग अपने पर्यावरण की सूझबूझ प्राप्त करने हेतु विचारों, दृष्टिकोणों तथा सूचनाओं का आदान–प्रदान करते हैं। संगठन में कार्यरत व्यक्तियों के बीच परस्पर सम्पर्क उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए अनिवार्य है तथा सामाजिक दृष्टि में वांछनीय। अलग–अलग तरीके से लोग वस्तुस्थिति के बारे में सोचते हैं। व्यक्तिगत व्यवहार में उनके सोचने के तरीके को अहम् भूमिका रहती है। अभिप्रेरणा की प्रक्रिया अंशत: स्वनिर्मित तथा अंशत: अनेक सकारात्मक तथा नकारात्मक अभिप्रेरकों के माध्यम से बाह्य परिवेश से प्रभावित होती है। जहाँ तक लोगों के जिन मूल्यों का प्रश्न है, उनका निर्धारण लोगों के सांस्कृतिक उतार–चढ़ाव से जाना जा सकता है। जीवन मूल्य अपेक्षाकृत चिरस्थायी रहते हैं तथा लोगों के जीवन, कार्य तथा परिवेश के प्रति उनके नजरिये को अपने तरीके से ढालते हैं।

(2) समूह व्यवहार अवधारणा – संगठनात्मक व्यवहार के क्षेत्र में समूह

भावना का प्रतिपादन श्री जान डब्ल्यू. न्यूस्ट्रोम, मारविन ई. शा, क्लोविस आर. शेपर्ड, चर्चमैन, रॉबिन्स आदि प्रबन्ध विद्वानों ने किया है। विभिन्न उपक्रमों में कार्यरत संगठनों में विभिन्न प्रकार के समूह बन जाने है जो व्यक्ति तथा संगठनों के मध्य सम्पर्क सूत्र का काम करते हैं। इनका लोगों के व्यक्तिगत जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। समूह के सदस्य सामान्यत: समूह द्धारा स्वीकृत भूमिकाओं का पोषण करते हैं तथा एक दूसरे से सम्बन्धों का जाल-सा बुन लेते हैं जो बदलते रहते हैं। समूहों के ये संरचनात्मक आयाम समूह प्रक्रियाओं-सम्प्रेषण प्रक्रिया, शंका समाधान प्रक्रिया, एकता तथा अनुशीलन प्राप्ति की प्रक्रिया को प्रभावित किये बिना नहीं रहते। संगठनों के भीतर समूहों का उदय विभिन्न लक्ष्यों की प्राप्ति तथा सदस्यों के लिए उचित जीवन मूल्यों के अनुरक्षण हेतु होता है। सामूहिक मूल्यों के उदाहरण के रूप में प्रजातान्त्रिक विचार-विमर्श समानता, सम्बद्धता तथा पारस्परिक समर्थन आदि का उल्लेख किया जा सकता है।

(3) संगठनों में संगठनात्मक व्यवहार अवधारणा – व्यक्ति तथा समूह दोनों ही संगठन के भीतर काम करते हैं। एक संगठन को मात्र व्यक्तियो का संघ ही नहीं माना जाता और न ही वह अनेक समूहों का एक बड़ा समूह ही है। उसका अपना एक अलग अस्तित्व एवं सत्ता है। उसकी अपनी पृथक् संरचना, प्रक्रियाएँ एवं मूल्य है। उसमें विभिन्न गतिविधियों, अधिकार, सत्ता सम्बन्धों एवं सम्प्रेषण श्रृंखलाओं का जाल-सा बिछा रहता है। अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उसे अनेक तकनीकों का सहारा लेना होता है। ये संगठन औपचारिक भी हो सकते हैं अनौपचारिक भी। कभी-कभी ये परस्पर विरोधी काम भी करते हैं। उनकी संरचना, प्रक्रिया एवं मूल्य ही अलग-अलग होते हैं। स्थायित्व, विकास, अस्तित्व तथा उपादेयता की दृष्टि से संगठनों के अपने निजी उद्देश्य होने हैं। ये सूचनाओं का प्रक्रियाकरण करके निर्णयन तथा अन्य दूसरी प्रक्रियाओं में काम लाते हैं, ताकि व्यक्तियों एवं समूहों के प्रयासों को परिणामों की ओर मोड़ा जा सके। संगठनात्मक दृष्टि से अन्य प्रक्रियाएँ है - नेतृत्व तथा अभिप्रेरणा की प्रक्रिया, पुरस्कार तथा प्रतिबन्दों का प्रशासन, परिवर्तन तथा विवादों का प्रबंध बाह्य परिवेश में परिवर्तनों का अनुशीलन तथा समायोजन आदि। संगठन अपने मूल्यों एवं तौर-तरीकों को भी आगे बढ़ाने का प्रयत्न करते है जो उनके संतुलन एवं दर्शन की छाप छोड़ते है। उदाहरण के लिये, व्यावसायिक संगठन अभिप्राप्ति, विकास, गतिशीलन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को साथ-साथ निभाने का प्रयास करते है।

(4) संगठनात्मक लक्ष्य-आधारित अवधारणा – संगठनात्मक व्यवहार एक व्यावहारिक विज्ञान है जोकि संगठन के मानवीय पहलू पर बल देने के कारण संगठनात्मक लक्ष्य पर आधारित है। यद्यपि किसी भी संगठन के विभिन्न उद्देश्य हो सकते हैं और कभी-कभी व्यक्तियों के उद्देश्यों से उनका टकराव भी हो सकता है किन्तु फिर भी वे संगठनात्मक उद्देश्यों की प्राप्ति पर ही बल देते हैं। इसके लिए विभिन्न संगठनात्मक व्यवहारों की आवश्यकता होती है, ताकि संगठनात्मक लक्ष्य यथाशीघ्र, न्यूनतम समय में, न्यूनतम प्रयत्नों एवं संसाधनों से प्राप्त किये जा सकें। कोई भी संगठनात्मक व्यवहार अपने निर्धारित लक्ष्यों से हटने की हिम्मत नहीं जुटा सकता।

(5) मानवीय एवं आशावादी अवधारणा – संगठनात्मक व्यवहार मानवीय दृष्टिकोण को अपनाता है। दूसरे शब्दों में, वह संगठन संरचना कार्यरत व्यक्तियों के विकास, निष्पादन एवं उनकी प्रगति में विश्वास करती है। कीथ डेविस के अनुसार, यह मानवीय लाभ के लिए मानवीय उपकरण है। मानव के सम्बन्ध में इसकी यह मूलभूत मान्यता है कि प्रत्येक मानव में असीम क्षमताएँ होती हैं तथा वह सहयोगी, साहसी, उत्पादक एवं सृजनशील है। यदि उसे उचित अवसर प्रदान किया जाय तो वह अपनी क्षमताओं, प्रतिभाओं एवं योग्यताओं का संगठन के सर्वाधिक हित में उपयोग कर सकता है। समस्त संगठनात्मक व्यवहार ही इसी मानवीय एवं आशावीद चिन्तन पर केन्द्रित है।

(6) पर्यावरणात्मक अवधारणा – संगठनात्मक व्यवहार एवं पर्यावरण इन दोनों में परस्पर गहन सम्बन्ध है। संगठन का आन्तरिक तथा बाहरी पर्यावरण ही संगठन में कार्यरत व्यक्तियों तथा समूहों के व्यवहार को निर्धारित करता है। संगठन का आन्तरिक तथा बाहरी पर्यावरण जितना अधिक स्वस्थ होगा, संगठन में कार्यरत व्यक्तियों तथा समूहों का संगठनात्मक व्यवहार भी उतना ही अधिक स्वस्थ होगा। यही कारण है कि प्रत्येक संगठन संरचना में कार्य के स्वस्थ पर्यावरण की स्थापना पर सर्वोच्च प्राथमिकता हो जाती है। ऐसा करने से क्रियाओं में सामंजस्य स्थापित होता है तथा कार्यरत व्यक्तियों एवं समूहों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है।

(7) अन्तर्विषयक अवधारणा – संगठनात्मक व्यवहार मूलभूत रूप में अन्तर्विषयक अवधारणा है जो कि विभिन्न विषयों से लिये गये ज्ञान में तालमेल बैठाता है। संगठनात्मक व्यवहार में मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, मानवशास्त्र आदि विभिन्न विषयों के ज्ञान का उपयोग होता है। यही नहीं, यह अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, कानून तथा इतिहास से भी सम्बन्धित ज्ञांन प्राप्त करता है। संगठनात्मक व्यवहार इन विषयों के तर्कसंगत विचारों, अवधारणाओं एवं तकनीकों का एकत्रीकरण करके मानवीय व्यवहार को समझने एवं विश्लेषण करने पर बल देता है।

(8) व्यावहारिक विज्ञान अवधारणा- संगठनात्मक व्यवहार का प्राथमिक उद्देश्य संगठनात्मक समस्याओं विशेषकर मानवीय पहलू से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान में किये गये अनुसंधानों का उपयोग करना है। इस क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न अनुसंधानों, अध्ययनों तथा अवधारणात्मक विकासों के कारण संगठनात्मक व्यवहार का वैज्ञानिक आचार दिनों-दिन मजबूत होता जा रहा है। कर्मचारी, व्यक्तित्व, अभिवृत्तियों, अवबोध, मूल्य, प्रेरणा, सन्तुष्टि तथा मानवीय व्यवहार के अन्य पहलुओं के क्षेत्र में निरन्तर व्यापक अनुसंधान किये जा रहे हैं। कुछ लोगों की यह धारणा है कि संगठनात्मक व्यवहार शुद्ध विज्ञान पर आधारित है किन्तु वास्तविकता यह है कि यह उनकी मात्र मिथ्या धारणा है। वस्तुस्थिति यह है कि संगठनात्मक व्यवहार पूर्णत: व्यावसायिक विज्ञान पर आधारित है जो कि परिवर्तनशील है। मानवीय व्यवहार भी परिवर्तनशील है, जबकि शुद्ध विज्ञान परिवर्तनशील नहीं है अपितु स्थिर प्रकृति का है।

(9) प्रणालीकृत आववारणा – संगठनात्मक व्यवहार प्रणालीकृत अवधारणा है क्योंकि यह संगठन में उपयोग में आने वाली विभिन्न प्रणालियों को प्रभावित करने वाले प्रत्येक घटक पर विचार करता है। प्रणालीकृत अवधारणा एक समाकलन अवधारणा है जो कि संगठनात्मक व्यवहार को प्रभावित करने वाले सभी चरों पर विचार करती है। यह मनोवैज्ञानिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक घटकों के सन्दर्भ में संगठनात्मक व्यवहार का विश्लेषण करती है। वास्तविकता यह है कि संगठन में प्रणालीकृत अवधारणा का विकास व्यवहारवादी वैज्ञानिकों के कारण हुआ है। व्यवहारवादी वैज्ञानिक संगठन में कार्यरत व्यक्तियों एवं समूहों के व्यवहार का तर्कपूर्ण विश्लेषण, पूर्वानुमान एवं गहन अध्ययन करके उसके कारण परिणामों एवं

भावी प्रभावों के समझने पर बल देते हैं।

(10) अन्तवैयक्तिक व्यवहार अवधारणा – दो या दो से अधिक व्यक्तियों अथवा विभिन्न समूहों के मध्य होने वाली पारस्परिक क्रियाओं के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाले व्यवहार को अन्तवैयक्तिक व्यवहार कहते हैं। यह व्यवहार समूह गातिशीलता, अन्तर्समूह संघर्ष, मनमुटाव, खींचातानी, नेतृत्व की शैली, सम्प्रेषण, व्यवहारात्मक विश्लेषण आदि के रूप में प्रकट होता है। यह अवधारणा अन्तर्वैयक्तिक व्यवहार में उत्पन्न देने वाले दोषों का उन्मूलन करने एवं उसे अधिक स्वस्थ एवं व्यावहारिक बनाने पर बल देती है।

उपरोक्त विवेचन से यह पूर्णत: स्पष्ट हो जाता है कि संगठनात्मक व्यवहार विभिन्न अवधारणाओं का मिश्रण है। यह सभी अवधारणाएँ संगठनात्मक व्यवहार को अधिकाधिक व्यावहारिक, क्रियाशील एवं प्रभावी बनाने पर बल देती है।

संगठनात्मक व्यवहार का अर्थ एवं परिभाषाएँ – संगठनात्मक व्यवहार का अर्थ व्यवहार वह है जो कि एक व्यक्ति करता है। अत्यन्त संक्षिप्त रूप में इसका आशय मानव की अवलोकनयोग्य एवं मापनयोग्य क्रियाओं से है। मानव विशिष्ट प्रकार का व्यवहार क्यों करता है, यह प्राचीन काल से ही एक विचारणीय प्रश्न रहा है। अतएव मानवीय व्यवहार को समझना उन प्रबन्धकों के लिए, जोकि व्यक्तियों का प्रभावी ढंग से प्रबन्ध करते हैं, एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय बन गया है। संगठनात्मक व्यवहार के अन्तर्गत कार्य पर कार्यरत व्यक्तियों अथवा समूहों के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है। संगठनात्मक व्यवहार से आशय संगठन में कार्यरत व्यक्तियों एवं समूहों के व्यवहार को प्रत्यक्ष रूप में समझने, पूर्वानुमान लगाने तथा नियन्त्रण करने से है। एक व्यक्ति जो व्यक्तिगत रूप में व्यवहार करता है, वही व्यक्ति जब संगठन में व्यवहार करता है, इन दोनों व्यवहारों में पर्याप्त अन्तर पाया जाता है। संगठनात्मक व्यवहार के अधीन व्यक्तियों के अथवा समूहों के संगठनात्मक व्यवहार का अध्ययन किया जाता है। प्रत्येक प्रबन्धक के लिए जोकि व्यक्तियों का प्रबन्ध करते हैं, इस बात का जानना परम आवश्यक है कि वह किस प्रकार का व्यवहार करता है, उसके ऐसा व्यवहार करने के क्या कारण हैं और आवश्यकता पड़ने पर उसे किस प्रकार से नियन्त्रित किया जा सकता है। संक्षेप में, संगठनात्मक व्यवहार इस बात से सम्बन्धित है कि एक संगठन में कार्यरत लोग किस प्रकार का व्यवहार करते हैं, इसका संगठन के निष्पादन पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ता है एवं उसे कैसे नियन्त्रित किया जा सकता है।

संगठनात्मक व्यवहार की परिभाषाएँ –मानवीय व्यवहार स्थिर न होकर गत्यात्मक है। इस कारण संगठनात्मक व्यवहार के सम्बन्ध में सभी विद्धान एकमत नहीं हैं। विभिन्न विद्धानों ने संगठनात्मक व्यवहार की विभिन्न परिभाषाएँ दी हैं। यहाँ पर हम कुछ प्रमुख विद्धानों द्धारा दी गयी प्रमुख परिभाषाएँ प्रस्तुत कर रहे हैं जो कि निम्नलिखित हैं–

(1) फ्रेड सुचान्स के अनुसार, संगठनात्मक व्यवहार संगठनों में मानवीय व्यवहार समझ, पूर्वानुमान (भविष्य–कथन) एवं नियन्त्रण से प्रत्यक्ष रूप में सम्बन्धित है।

(2) जान न्यूस्ट्राम एवं कीथ डेविस के अनुसार, संगठनात्मक व्यवहार संगठनों में लोग एकाकी व्यक्ति एवं समूहों के रूप में कैसे कार्य करते हैं के सम्बन्ध में अध्ययन एवं ज्ञान की प्रयुक्ति है। यह ऐसे तरीकों को पहचान का प्रयास करता है जिसमें लोग अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

उपरोक्त तथा अन्य विद्धानों दी गयी संगठनात्मक व्यवहार की परिभाषाओं का अध्ययन करने के पश्चात् निष्कर्ष रूप में इसकी उपयुक्त परिभाषा निम्न शब्दों में दी जा सकती है–'संगठनात्मक व्यवहार किसी संगठन में कार्यरत व्यक्तियों, समूहों तथा संगठन के विभिन्न घटकों के व्यवहार–कि वे संगठनों में क्या और कैसे करते हैं तथा उनकी क्रियाओं को संगठनों के निष्पादन पर क्या प्रभाव पड़ता है–का विधिवत् अध्ययन है, ताकि इस ज्ञान से संगठन को अधिक प्रभावी एवं उद्देश्य प्रेरक बनाया जा सके'।

(1) सामान्य प्रबन्ध का प्रमुख अंग – फ्रेड लुआन्स के अनुसार, संगठनात्मक व्यवहार सामान्य प्रबन्ध का एक प्रमुख अंग है, न कि सम्पूर्ण प्रबन्ध का। यह प्रबंध के संगठनात्मक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। ध्यान रहे कि संगठनात्मक व्यवहार का प्रबन्ध को प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं हुआ है अपितु उसे अधिक क्रियाशील एवं प्रभावी बनाने के लिए हुआ है।

(2) व्यवहार अध्ययन – संगठनात्मक व्यवहार एक संगठन में कार्यरत व्यक्तियों एवं समूहों के व्यवहार का अध्ययन है कि वे आपस में समूहों में, संगठन में एवं प्रबन्ध के प्रति किस प्रकार का व्यवहार करते हैं। यह उनके व्यवहार की समझ, विवेकपूर्ण विश्लेषण, पूर्वानुमान एवं नियन्त्रण करता है। यह व्यवहार के सम्बन्ध में गहन अध्ययन करके उसके कारणों (क्या, क्यों एवं कैसे), परिणामों को समझने पर बल देता है। एवं भावी प्रभावों को समझने पर बल देता है।

(3) व्यावहारिक विज्ञान – संगठनात्मक व्यवहार एक विशुद्ध विज्ञान न होकर व्यावहारिक विज्ञान है। इसके क्षेत्र में समय–समय पर किये जाने वाले अनुसंधानों, अध्ययनों एवं अवधारणात्मक विकासों से इसका व्यावहारिक वैज्ञानिक आधार निरन्तर मजबूत होता जा रहा है। यह मानवीय व्यवहार में सम्बन्धित संगठनात्मक समस्याओं के समाधान में व्यावहारिक विज्ञान के उपयोग पर बल देता है।

(4) अध्ययन का पृथक क्षेत्र – संगठनात्मक व्यवहार अध्ययन का एक पृथक् क्षेत्र है, न कि एक विधा जो कि एक पूर्ण ज्ञान है। इसके सिद्धान्तों, अवधारणाओ एवं प्रक्रियाओं का तो अभी विकास हो रहा है। इसकी सीमाएँ भी अभी स्पष्ट नहीं है। अलग अलग विद्धाने ने इसकी अलग–अलग सीमाओं का उल्लेख किया है।

(5) अन्तर्विषयक दृष्टिकोण – संगठनात्मक व्यवहार का अन्तर्विषयक दृष्टिकोण है। इसके अन्तर्गत मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा मानवशास्त्र शास्त्र जैसे विषयों के ज्ञान का उपयोग होता है। इसके अतिरिक्त यह अन्य विषयों, जैसे– अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, कानून तथा इतिहास आदि विषयों का भी सहारा लेता है। संगठनात्मक व्यवहार इन विषयों के तर्कसंगत विचारों, तकनीकों अवधारणाओं आदि का एकत्रीकरण करके मानवीय व्यवहार को समझने पर बल देता है।

(6) अध्ययन की विषय–वस्तु – संगठनात्मक व्यवहार के अध्ययन को प्रमुख विषय–वस्तु हैं– (i) व्यक्ति, (ii) व्यक्तियों का समूह, (iii) संगठन संरचना, (iv) पर्यावरण, (v) अन्तर्विषयक दृष्टिकोण तथा (vi) प्रौद्योगिकी।

(7) व्यक्ति व्यवहार एवं समूह व्यवहार दोनों –संगठनात्मक व्यवहार की की आधारशिला व्यवहारवादी है। यह व्यक्तिगत व्यवहार तथा समूह व्यवहार दोनों के अध्ययन पर बल देता है। मानव किसी भी संगठन का आधारभूत संसाधन होता है अतएव उसका व्यवहार तथा समूह जिसके

अन्तर्गत वह कार्यरत है, दोनों का अध्ययन संगठनात्मक व्यवहार के लिए नितान्त महत्वपूर्ण है।

(8) कर्मचारी आवश्यकताओं एवं संगठनात्मक उद्देश्यों की पूर्ति – किसी भी संगठन में एक ओर तो कर्मचारियों की आवश्यकताएँ होती हैं जिनकी पूर्ति के लिए वे संगठन में कार्य करते हैं और दूसरी ओर, संगठनात्मक उद्देश्य होते हैं जिनकी पूर्ति के लिए संगठनात्मक संरचना की जाती है। दोनों का ही अपना-अपना महत्व है। संगठनात्मक व्यवहार इन दोनों उद्देश्यों के एकीकृत एवं उनके मध्य समन्वय की स्थापना करके दोनों को ही प्राप्त करने का प्रयास करता है। इसके लिए वह विभिन्न व्यवहारवादी दृष्टिकोणों का सुझाव देता है।

(9) पर्यावरण से सम्बद्ध – संगठनात्मक व्यवहार संगठन के आन्तरिक तथा बाहरी पर्यावरण से प्रभावित होता है। दोनों का ही प्रभाव संगठन में कार्यरत व्यक्तियों की क्रियाओं पर पड़ता है। संगठनात्मक व्यवहार संगठन के आन्तरिक तथा बाहरी पर्यावरण का अध्ययन करते हुए मानवीय व्यवहार को समझने पर बल देता है।

(10) मानवीय एवं आशावादी दृष्टिकोण –किसी भी संगठन में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी पहले मानव है, बाद में कार्यरत कर्मचारी। संगठनात्मक व्यवहार उन पर मानवीय दृष्टिकोण से अपना ध्यान केन्द्रित करता है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि उनकी अपनी-अपनी आवश्यकताएँ, क्षमताएँ, योग्यताएँ, सोचने का ढंग, मनोवृत्ति, व्यक्तित्व, अवबोध, अभिप्रेरण, साहरा, उत्पादकता एवं सृजनशीलता होती है। उनकी प्रकृति आशावादी होती है। यदि उसे उचित अवसर दिया जाय तो वह इन सभी का उपयोग संगठन के हित में कर सकता है। संगठनात्मक व्यवहार इसी मानववादी एवं आशावादी चिन्तन पर केन्द्रित है।

(11) कला एवं विज्ञान दोनों – संगठनात्मक व्यवहार कला एवं विज्ञान दोनों है। संगठन में मानवीय व्यवहार का अध्ययन करने के लिए व्यावहारिक विज्ञान का उपयोग किया जाता है। इस दृष्टि से यह विज्ञान है, न कि विशुद्ध विज्ञान। दूसरी ओर, संगठनात्मक व्यवहार एक कला भी है क्योंकि यह मानवीय व्यवहार के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये अध्ययनों से प्राप्त निष्कर्षों एवं ज्ञान का उपयोग के व्यवहार को समझने, पूर्वानुमान करने एवं नियन्त्रण करने में करता है।।

(12) गत्यात्मक, न कि स्थिर – संगठनात्मक व्यवहार मानवीय व्यवहार आधारित है जो कि समय, स्थान एवं परिस्थितियों के अनुसार बदलता रहता है। मानवीय व्यवहार एवं सामाजिक व्यवहार में होने वाला प्रत्येक परिवर्तन संगठनात्मक व्यवहार में झलकता है।

(13) व्यापक अध्ययन एवं क्षेत्र – संगठनात्मक व्यवहार व्यक्तियों, समूहों और यहाँ तक कि संगठनों का भी व्यापक अध्ययन है। यही नहीं, इसे सभी प्रकार के संगठनों, व्यवसाय, उद्योग, सरकार, शिक्षण, सेवा संगठनों (जैसे-अस्पताल, धार्मिक संस्थान), रक्षा संगठन आदि में लागू किया जाता है।

(14) विविध – उपरोक्त के अतिरिक्त इसकी अन्य विशेषताएँ हैं (i) रोजगार सम्बन्धी व्यवहार का अध्ययन, (ii) प्रणालीकृत दृष्टिकोण, (iii) आदर्शवादी एवं मूल्य-केन्द्रित, (iv) मानवीय सम्बन्ध (v) मानव संसाधन दृष्टिकोण है, (v) प्रबन्ध के सभी स्तरों पर विद्यमान आदि।

संगठनात्मक व्यवहार के प्रमुख तत्व अथवा प्रमुख निर्धारक – संगठनात्मक व्यवहार का मूलाधार है कि एक दी गयी परिस्थिति के अन्तर्गत लोग संगठन में क्या, क्यों एवं कैसे व्यवहार करते हैं। प्रत्येक उपक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संगठनात्मक संरचना की आवश्यकता होती है। उन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए संगठनात्मक संरचना में कई लोग एक साथ मिलकर कार्य करते हैं। अकेला व्यक्ति सभी कार्य नहीं कर सकता। इसके लिए समूहों की रचना की जाती है। व्यक्ति समूह सम्बन्धों से बंधे हुए होते हैं तथा पर्यावरण से भी प्रभावित होते हैं। व्यक्तियों अथवा समूहों को कार्य निष्पादन के लिए प्रौद्योगिकी की भी आवश्यकता होती है। इस प्रकार संगठनात्मक व्यवहार के विभिन्न स्तम्भ होते हैं।

(1) व्यक्ति – व्यक्ति किसी भी संगठनात्मक संरचना के अभिन्न अंग होते हैं। इसके बिना तो संगठनात्मक संरचना की कल्पना तक नहीं की जा सकती। व्यक्ति जीवित, विचारशील एवं भावपूर्ण प्राणी है जो संगठन की संरचना करते हैं। इस दृष्टि से व्यक्ति संगठनात्मक व्यवहार के प्रमुख तत्व है। प्रबंध के सम्मुख सबसे प्रमुख समस्या यह है कि वह व्यक्तियों के व्यवहार को अच्छी तरह से समझे ताकि उनको सबसे अच्छे ढंग से अभिप्रेरित किया जा सके जिससे वे संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति में अपनों योग्यता एवे दक्षता का अभूतपूर्व योगदान दे सकें। इस दृष्टि से व्यक्ति संगठनात्मक व्यवहार का प्रमुख तत्व होता है।

(2) समूह – संगठनात्मक व्यवहार का दूसरा महत्वपूर्ण तत्व समूह है। संगठनात्मक व्यवहार में समूह को प्रक्रियाओं का अवलोकन, निर्देशन एवं नियन्त्रण होता है। समूहों का निर्माण व्यक्तियों से होता है। समूह गतिशील होते हैं। यह बनते एवं बिगड़ते रहते हैं। समूह प्रक्रियाएं निर्देशन, सन्देशवाहन, सत्ता, शक्ति, नेतृत्व, निर्णयन आदि से संचालित होती हैं। समूह औपचारिक तथा अनौपचारिक दोनों प्रकार के हो सकते हैं।

(3) संरचना – फ्रेड लुथान्स के अनुसार, संगठन संरचना से आशय संगठनात्मक व्यवहार के लिए बनाये गये ढाँचे से है। संरचना में व्यक्तियों एवं समूहों के मध्य अधिकारों दायित्वों तथा उनके पारस्परिक सम्बन्धों का निर्धारण होता है। संरचना जितनी अधिक प्रभावी होगी, संगठनात्मक व्यवहारों को उतना अधिक क्रियाशील, समन्वित एवं नियन्त्रित किया जा सकेगा। इस दृष्टि से संरचना संगठनात्मक व्यवहार का तीसरा महत्वपूर्ण तत्व है।

(4) प्रौद्योगिकी – आर्थिक विकास में औद्योगिकी को प्राथमिक घटक माना जाता है। **प्रोफेसर जे. के. गेलोथ** के अनुसार, 'प्रौद्योगिकी व्यावहारिक कृत्यों में वैज्ञानिक अथवा संगठनात्मक ज्ञान को व्यवस्थित रूप से लागू किया जाना है।' प्रौद्योगिकी व्यक्तियों एवं समूहों की क्रियाओं को प्रभावी बनाने का एक शक्तिशाली साधन है। यह कार्यरत व्यक्ति एवं समूहों को संसाधन उपलब्ध कराती है। जितनी अधिक विकसित एवं आधुनिक प्रौद्योगिकी होगी, समूहों को कार्य निष्पादन शक्ति उतनी ही अधिक, सही, मितव्ययी एवं प्रभावी होगी। जटिल से जटिल कार्य का निष्पादन बटन दबाते ही हो जायेगा। इससे संगठनात्मक व्यवहार में गति आती है और उसकी कुशलता एवं प्रभावशीलता में वृद्धि होती है। इस दृष्टि से प्रौद्योगिकी संगठनात्मक का चौथा महत्वपूर्ण तत्व हुआ।

(5) पर्यावरण – पर्यावरण सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिको घटकों का मिश्रण है। यह आन्तरिक तथा बाहरी दोनों प्रकार का होता है। समूहों को एक निश्चित पर्यावरण में कार्य करना होता है। वर्तमान प्रतियोगी अर्थव्यवस्था में प्रत्येक व्यावसायिक संगठन को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। संगठनात्मक संरचना का पर्यावरण जितना

अधिक स्वच्छ, स्पष्ट, स्वस्थ एवं प्रभावा होगा, उसमें कार्यरत व्यक्तियों की निष्पादन शक्ति उतनी ही अधिक कुशल एवं प्रभावी होगी। इस दृष्टि में पर्यावरण संगठनात्मक व्यवहार का पाँचवाँ महत्वपूर्ण तत्व हुआ।

संगठनात्मक व्यवहार की महत्ता – संगठनात्मक व्यवहार किसी संगठन में कार्यरत व्यक्ति एवं समूहों के अन्तवैयक्तिक व्यवहार का अध्ययन है। वे कार्य निष्पादन के दौरान क्या, कैसे और क्यों अमुक प्रकार का व्यवहार करते हैं। फ्रेड लुथान्स के अनुसार, 'संगठनात्मक व्यवहार संगठनों में मानवीय व्यवहार को समझ, पूर्वानुमान (भविष्य कथन) एवं नियन्त्रण से प्रत्यक्ष रूप में सम्बन्धित है।' यह प्रबन्ध का सबसे अधिक महत्वपूर्ण पहल है क्योंकि इसके बिना प्रबन्ध पूर्णत: निष्क्रिय है। संगठन में व्यक्ति एवं समूहों का व्यवहार विभिन्न घटती जैसे–कार्य सन्तुष्टि, व्यक्तिगत सन्तुष्टि, मानवीय सम्बन्ध, अन्तवैयक्तिक व्यवहार, मनोबल, अभिप्रेरा अभिवृत्तियाँ, सत्ता, शक्ति, संघर्ष, तनाव, उत्साह, प्रौद्योगिकी, प्रबन्ध– अधीनस्थ सम्बन्ध आदि विभिन्न घटकों से प्रभावित होता है। अतएव संगठन में संगठन संरचना के प्रारुपों को समझना, उनमें कार्यरत व्यक्ति एवं समूहों के व्यवहार को समझना, अभिप्रेरित करना, विश्लेषण करना एवं नियंत्रण करना परम आवश्यक है। इसी कारण संगठनात्मक व्यवहार व्यवहार की महत्ता दिनों–दिन बढ़ती जा रही है। संगठनात्मक व्यवहार की महत्ता के प्रमुख बिंदु निम्नलिखित है :–

(1) मानवीय व्यवहार को समझने के लिए – व्यवहार स्थिर न होकर गत्यात्मक है। इसमें पल–पल में परिवर्तन होता रहता है। यह व्यक्ति ही आजार का निकटतम भित्र है, उसी का सबसे बड़ा दुश्मन हो सकता है। संगठनाताक व्यवहरार मानवीय अवहार के विभिन्न स्तरों को समझने एवं उसके विश्लेषण करने का उपकरण है। यह प्रबन्धकों के लिए व्यक्तियों एव उनके समूहों के व्यवहार को समझने में सहायक होता है। इसके द्वारा अन्तवैयक्तिक व्यवहार की जटिलता को समझा जा सकता है। इससे व्यक्ति की कार्य करने की मनस्थिति, रुझान, कार्य सन्तुष्टि, मनिक्रिया तत्परता कार्य निष्ठा, कार्य के प्रति दृष्टिकोण आदि को समझा जा सकता है। इसके ज्ञान से मानवीय सम्बन्धों में सुधार लाया जा सकता है। सभी व्यक्ति समान नहीं होते हैं अपितु उनमें योग्यताओं, क्षमताओं, कुशलताओं ज्ञान एवं चातुर्य आदि की विभिन्नताएँ होती हैं। संगठनात्मक व्यवहार उनके व्यवहार को समझकर उनका कुशलतम उपयोग करने में सक्षम है।

(2) मानवीय समस्याओं के समाधान के लिए – संगठनात्मक व्यवहार का एक महत्वपूर्ण लक्षण है कि यह मानवीय प्रकृति का है। इसके अन्तर्गत मानवीय समस्याओं का समाधान मानवीय ढंग से किया जाता है। यह मानवीय समस्याओं का उसके कारणों एवं दुष्प्रभावों सहित अध्ययन करता है और उसी के अनुरूप उनके समाधान की खोज करता है तथा समाधान को प्रभावी ढंग से लागू करता है। ऐसा करने से प्रबन्धक संगठन में स्वस्थ मानवीय सम्बन्धों को स्थापना एवं उन्हें बनाये रखना है जिसके परिणामस्वरूप संगठनों में शान्ति एवं सामंजस्य की स्थापना होती है।

(3) मानव व्यवहार का पूर्वानुमान लगाने के लिए – संगठनात्मक व्यवहार के अध्ययन का एक महत्वपूर्ण कारण मानव व्यवहार का पूर्वानुमान लगाना एवं उसे अन्य लाभदायक विधि से लागू करना है, ताकि संगठन को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस दृष्टि से संगठनात्मक व्यवहार का ज्ञान एक एम.बी.ए. के छात्र हेतु पूर्व आवश्यकता है जो कि निकट भविष्य में प्रबन्धक के रूप में भावी प्रबन्धकीय पद के अधिकारों एवं उत्तारदायित्वों को ग्रहण करने जा रहा है।

संगठनात्मक व्यवहार के अन्तर्गत प्रबन्धक यह भी पूर्वानुमान कर सकते हैं कि कौन–से कर्मचारी कार्य के प्रति समर्पित एवं उत्पादक प्रकृति के हैं तथा कौन–से कर्मचारी लापरवाह, अनुतरदायी, निष्क्रिय एवं कार्य में बाधा डालने वाले सिद्ध होंगे। इस प्रकार संगठनात्मक व्यवहार कर्मचारी के अवांछित व्यवहार को रोकने में सहायक होता है।

(4) मानवीय संसाधनों का कुशलतम उपयोग करने के लिए – संगठनात्मक व्यवहार एक प्रकार से मानवीय संसाधनों का संयोजन है। किसी भी संगठन की सफलता मानवीय संसाधनों के कुशलतम उपयोग पर निर्भर करती है। इस क्षेत्र में संगठनात्मक व्यवहार प्रबन्धकों की सहायता करता है। वह यह बताता है कि मानवीय संसाधनों का कैसे कुशलतम उपयोग किया जा सकता है। यह कार्य वह कर्मचारियों एवं समूहों को उच्च उत्पादकत्ता तथा श्रेष्ठ परिणामों के प्रति उत्तेजित अभिप्रेरित करके करता है।

(5) समूह गतिशीलता को समझने के लिए – कीम डेविस के अनुसार, समूह गतिशीलता एक ऐसी सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति छोटे–छोटे समूहों में प्रत्यक्ष अन्तर्किया सम्पन्न करते हैं। संगठनात्मक व्यवहार द्वारा इन छोटे–छोटे समूहों की अन्तर्कियाओं को भली–भाँति समझा जा सकता है।

(6) प्रभावी निष्पादन प्राप्त करने के लिए – एक प्रबन्धक की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह किस प्रकार से अपने अधीन व्यक्तिओं एवं समूहों से अधिकतम एवं श्रेष्ठतम निष्पादन प्राप्त कर सकता है। यहाँ पर भी संगठनात्मक व्यवहार उसको सहायता के लिए आता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Stephen Robbins and Timothy Judge: Essentials of Organizational Behavior, Pearson Publication.
2. Dr. Christopher P. Neck, Jeffery D. Houghton, and Emma L. Murray: Organizational Behavior: A Skill-Building Approach.
3. John Newstrom: Organizational Behavior: Human Behavior at Work.
4. Timothy Baldwin, Bill Bommer, and Robert Rubin: Managing Organizational Behavior: What Great Managers Know and Do.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

Decadal Behaviour of Water Table in Jabalpur

Yagyesh Narayan Shrivastava*

***Soil & Water Engineering, College of Agricultural Engineering, Jawahar Lal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur (M.P.) INDIA**

Introduction - Groundwater is the water present beneath Earth's surface in soil pore spaces and in the fractures of rock formations. A unit of rock or an unconsolidated deposit is called an aquifer when it can yield a usable quantity of water. Groundwater is continuously exchanging with other reservoirs in the hydrological cycle. Aquifers are recharged with water from rain and snow percolating through the aerated zone.

Conversely groundwater flows back into rivers and lakes or into wells and springs in a process known as discharge. The time water spends underground is called the residence time, which varies from a few days to 10,000 years or more. In future, the water table can move downward as a result of drought and this is happening in arid areas today. 54 Percent of India's Groundwater Wells Are Decreasing Groundwater levels are declining across India. Of the 4,000 wells captured in the IWT 2.0 showing statistically significant trends, 54 percent dropped over the past seven years, with 16 percent declining by more than 1 meter (3.2 feet) per year. Farmers in arid areas, or areas with irregular rainfall, depend heavily on groundwater for irrigation. The Indian government subsidizes the farmers' electric pumps and places no limits on the volumes of groundwater they extract, creating a widespread pattern of excessive water use and strained electrical grid. North western India again stands out as highly vulnerable. Of the 550 wells studied in the region, 58 percent have declining groundwater levels.

The study of groundwater is essential because of several reasons. Of the freshwater readily available for human use (approximately 1% of the liquid freshwater available on the earth), about 98% is groundwater and the remaining is surface water. Hence, groundwater serves as a major source of water supply to life (humans, animals and ecosystems) throughout the world. Because of its physical and chemical quality, groundwater provides a reliable source of water supply in both humid and arid/semi-arid regions of the world and during emergencies (e.g.. droughts, earthquakes, etc.) as well as it sustains flow in rivers/streams and lakes during dry periods. Thus, groundwater is one of the most valuable natural resources of the earth, which supports human health, human livelihoods, socio-economic development, and ecological diversity.

Besides the above-mentioned vital roles, groundwater also influences the design and construction of engineering facilities such as dams, open-pit mines, tunnels, deep foundations, and geologic storage of nuclear wastes or carbon sequestration. Groundwater is also important due to its geologic role by supporting various geological processes such as the formation of soils and their alternation, the development of landslides, rock falls, channel networks and karst landscapes, oil formation and valuable mineral deposits. Thus, groundwater plays a variety of roles on a global scale, which make this resource so vital for human beings. However, the water resource and engineering aspects of groundwater hydrology are the major focus of practice, though the groundwater hydrology field has a rich relationship with other earth sciences.

Study Area: The area which is taken for study is Jabalpur District of Madhya Pradesh. Details are given below Jabalpur district is located almost in the central part of Madhya Pradesh and it is having 15% tribal population to the total population of the district. The deposits of tale around Bheraghat near the Marble rocks on the Narmda river, about 13 miles west of Jabalpur are the best known. The district lies between the North latitude 22°49' and 23°07' North and meridian of longitude 79°21' and 80°35' East.

The district is bounded in the South cast and cast by Manda & Dindori districts, in the south by Seoni and in the south West Narsingpur district and in the west by Damoh district. The district falls in survey of India Top sheet Nos. 55m, 64A- and 55 N on 1:250,000 scale & occupies an over of 5655 sq. km.

Jabalpur district lies at the Junction of the vindhyan and Satpura range and forms part of the great central watershed of India. The Narmada and its tributaries, the Hiran, Gaur drain the district. Chotimahanadi drains a very small area in the east, which is tributary of son river falling in the Ganga basin. The general slope of the Narmada valley is towards west & of Hiran towards south west. The drainage in the district is generally of dendrite type except in the valley of Narmada, along the right banks of Hiran below Katangi where it is of the straight trunk & trellis pattern. The total length of the Narmada river in the district is about 110 km. The total area under irrigation by various sources is 1100.42 sq. km & Net sown area is 2726.60 sq. km which is 40.35% of net sown area in the district. The area irrigated by canals was 78.54 sq. km (2.88% of total area sown), by tube wells 739.11 sq. km (27.10%), by open wells 281.88 sq. km (8.92%) and by ponds (0.04%). There are 8832 tube wells and 8010 dug wells in the district for irrigation.

The average annual rainfall of Jabalpur District is 1279.50mm. Jabalpur received maximum rainfall received during south west monsoon period i.e. June to September. About 90% of the annual rainfall received during monsoon season. Only 10% of the annual rainfall takes place between October to May period. Thus surplus water for ground water recharge is available only during the south west monsoon period.

The normal maximum temperature received during the month of December is 90C. The normal annual means maximum and minimum temperature of Jabalpur District is 32.10C & 18.30C respectively.

During the south west monsoon season the relative humidity generally exceeds 87% (August month). In the rest of the year is drier. The driest part of the year is the summer season. When relative humidity's are less 27%. May is the driest month of the year. The wind velocity is higher during the pre-monsoon period as compared to post monsoon period. The maximum wind velocity 8.6 km/hr observed during the month of annual wind velocity of Jabalpur district is 5.3 km/hr.

Jabalpur district can broadly be divided in to three physiographic units.

1. The Vindhyan Tract.
2. The South eastern plateaus of the Satpura
3. The Bhitright Range & the associated hill area.

Methodology: Present study is based on the water level observation in Permanent Observation wells (POWs) of Jabalpur districts. The water level in 100 selected POWs have taken every year in fore season i.e. i) pre monsoon, ii) mid monsoon, iii) post monsoon, iv) irrigation period.

For the district under study this information is collected from the Assistant Geohydrologist of the concern district for the past decade that is 2012 to 2022

This water level of all the wells for each block of the district are arranged chronologically. Average value of water level for each year is computed.

Water table behaviors Jabalpur district: In Jabalpur district there are 100 wells marked as POWs. These wells are grouped block wise i.e. all the wells situated in a particular block they are grouped and analyzed. Block wise description and analysis of water level in the wells is given below

Bargi block- There are 16 wells in the Bargi block. These wells are grouped along with pre monsoon water level in the block for the period.

1. Minimum Average depth is found as 5.33 m and Maximum Average Depth is found as 7.40m, during the entire period.
2. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors.

Fig. 1 (see in last page)

1. Fig1 present the pre monsoon water table in Bargi block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is rising water table over the period.

Kundam block- There are 15 wells in the Kundam block. These wells along with pre monsoon water level in the block for the period.

1. Minimum Average depth is found as 4.75m and Maximum Average Depth is found as 7.25m, during the entire period.
2. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors

Fig. 2: Decadal trend of pre monsoon water table in Kundam block

Fig 2 (see in last page)

1. Fig 2 present the pre monsoon water table in Kundam block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is decreasing water table over the period

Majholi block- There are 13 wells in the Majholi block.along with pre monsoon water level in the block for the period

1. depicts the pre monsoon water level in different POWs of Majholi block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 9.58m and Maximum Average Depth is found as 12.37m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors.
4. Many dry wells shows that there is a scarcity of water.

Fig 3 (see in last page)

1. Fig. 3 present the pre monsoon water table in Majholi block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is constant water table over the period

Panagar block- There are 15 wells in the Panagar block. along with pre monsoon water level in the block for the period.

1. depicts the pre monsoon water level in different POWs of Panagar block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 6.52m and Maximum Average Depth is found as 8.85 m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors.
4. There are both dry wells and filled up we

Fig 4 (see in last page)

1. Fig. 4 present the pre monsoon water table in Panagar block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is increasing water table over the

Patan block- There are 14 wells in the Patan block. These wells are grouped and along with pre monsoon water level in the block for the period

1. Depicts the pre monsoon water level in different POWs of Patan block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 6.00m and Maximum Average Depth is found as 8.76m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors.
4. So many dry wells is observed.

Fig 5 (see in last page)

1. Fig. 5 present the pre monsoon water table in Patan block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is increasing water table over the period.

Shahpura block- There are 13 wells in the Shahpura block. along with pre monsoon water level in the block for the period

1. Depicts the pre monsoon water level in different POWs of Shahpura block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 4.97m and Maximum Average Depth is found as 10.39 m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors.

Fig 6 (see in last page)

1. Fig.6 present the pre monsoon water table in Shahpura block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is constant water table over the period.

Sihora block- There are 14 wells in the Sihora block. along with pre monsoon water level in the block for the period

1. Depicts the pre monsoon water level in different POWs of Sihora block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 8.96m and Maximum Average Depth is found as 12.27 m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors.
4. Many dry wells have observed and low water table has observed.

Fig 7 (see in last page)

1. Present the pre monsoon water table in Sihora block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is constant water table over the period.

Bargi block- There are 16 wells in the Bargi block. along with Post monsoon water level in the block for the period

1. Depicts the Post monsoon water level in different POWs of Bargi block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 2.97m and Maximum Average Depth is found as 5.09m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors.

Fig 8 (see in last page)

1. Fig.8 present the post monsoon water table in Bargi block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is decreasing water table over the period.

Kundam block- There are 15 wells in the Kundam block. These wells are grouped and presented in table 4.9 along with post monsoon water level in the block for the period

1. Depicts the Post monsoon water level in different POWs of Kundam block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 2.00m and Maximum Average Depth is found as 5.77m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors.

Fig 9 (see in last page)

1. Fig. 9 present the post monsoon water table in Kundam block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is decreasing water table over the period.

Majholi block- There are 13 wells in the Majholi block. along with post monsoon water level in the block for the period

1. depicts the Post monsoon water level in different POWs of Majholi block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 4.43m and Maximum Average Depth is found as 8.27m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors
4. High variations have observed.

Fig 10 (see in last page)

1. Fig.10 present the post monsoon water table in Majholi block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is decreasing water table over the period.

Panagar block- There are 15 wells in the Panagar block. along with post monsoon water level in the block for the

period

1. depicts the Post monsoon water level in different POWs of Panagar block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 3.59m and Maximum Average Depth is found as 6.33m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factor

Fig 11 (see in last page)

1. Fig.11 present the post monsoon water table in Panagar block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is constant water table over the period.

Patan block- There are 14 wells in the Patan block. along with post monsoon water level in the block for the period

1. depicts the Post monsoon water level in different POWs of Patan block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 3.17m and Maximum Average Depth is found as 5.93m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors

Fig 12 (see in last page)

1. Fig.12 present the post monsoon water table in Bargi block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is increasing water table over the period.

Shahpura block- There are 13 wells in the Shahpura block. along with post monsoon water level in the block for the period

1. Depicts the Post monsoon water level in different POWs of Shahpura block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 3.09m and Maximum Average Depth is found as 4.99m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors

Fig 13 (see in last page)

1. present the post monsoon water table in Shahpura block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is constant water table over the period.

Sihora block- There are 14 wells in the Sihora blockalong with post monsoon water level in the block for the period

1. depicts the Post monsoon water level in different POWs of Sihora block for the last decade.
2. Minimum Average depth is found as 4.67m and Maximum Average Depth is found as 9.63m, during the entire period.
3. Varying water table situation in different years may be due to variations in rainfall or some other factors
4. High variations has occurred.

Fig. 14 (see in last page)

1. present the post monsoon water table in Sihora block for the period 2012 to 2022
2. It is clear from the trendline that there is decreasing water table over the period.

Water Table Fluctuationisn Jabalpur District

Pre monsoon to post monsoon fluctuation for the same year and post monsoon to pre monsoon fluctuation for the year and next year. They are computed and presented in Tables.

Pre to Post monsoon (Recharge Period) water table Fluctuations in Jabalpur District (see in last page)

depicts the Pre to Post Monsoon fluctuation in water table in 7 Block of Jabalpur District.

Block	Fluctuation range	Average Fluctuation
Bargi	1.14 to 4.43	2.58
Kundam	0.04 to 3.4	2.50
Majholi	2.88 to 6.69	4.53
Panagar	1.55 to 4.64	3.60
Patan	1.22 to 4.02	2.77
Shahpura	0 to 6.12	2.74
Sihora	0.1 to 6.01	4.49

Note: All given data in the table are in Meter unit

Post to Pre monsoon (Utilization Period) water table Fluctuation in Jabalpur District. (see in last page)

depicts the Post to Pre monsoon fluctuation in water table in 7 Block of Jabalpur District.

Block	Fluctuation range	Average Fluctuation
Bargi	1.23 to 4.34	2.63
Kundam	0.94 to 3.87	2.69
Majholi	1.93 to 6.97	4.54
Panagar	0.45 to 4.44	3.12
Patan	0.59 to 4.13	2.71
Shahpura	0.1 to 7.19	2.61
Sihora	2.64 to 6.51	4.67

Conclusions:

1. In **Jabalpur district**, last decade (2012 to 2022) trend of **Pre monsoon** water table is observed that, water level is increasing in Bargi, Panagar, Patan & Shahpura block. Water level is decreasing at Kundam block. And constant water level trend is observed in Majholi and Sihora block.
2. In **Jabalpur district**, last decade (2012 to 2022) trend of **Post Monsoon** water table is observed that, water level is increasing in only Patan block. Water level is decreasing in Bargi, Kundam, Panagar & Sihora blocks. And constant water level trend is observed in Panagar and Shahpura block.
3. **Pre to Post monsoon** (recharge period) Fluctuation in water table in **Jabalpur** district is 3.31 meter (Avg.) observed in last decade.
4. **Post to Pre monsoon** (utilization period) Fluctuation in water table in **Jabalpur** district is 3.28 meter (Avg.) observed in last decade

Pre to Post monsoon (Recharge Period) water table Fluctuations in Jabalpur District

Year/block	2012	2013	2014	2015	2016	2017	2018	2019	2020	2021
Bargi	3.29	4.43	3.54	2.76	2.26	1.93	2.01	2.17	2.31	1.14
Kundam	3.83	3.37	2.96	2.16	1.55	2.16	3.32	3.4	2.29	0.04
Majholi	5.16	5.52	4.79	3.56	6.69	3.49	4.72	2.88	4.51	4.02
Panagar	4.11	4.05	3.52	3.98	4.64	1.55	4.09	4.37	3.36	2.41
Patan	3.86	4.02	2.98	2.47	2.57	1.22	3.57	2.46	2.83	1.73
Shahpura	2.2	3.01	2.04	1.82	1.69	6.12	3.33	5.31	0	1.92
Sihora	5.07	5.89	4.74	6.01	5.01	4.41	4.66	4.1	4.98	0.1

Post to Pre monsoon (Utilization Period) water table Fluctuation in Jabalpur District.

Year/block	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
Bargi	3.34	4.12	4.34	3.22	1.84	2.84	2.38	1.23	1.94	1.55	2.23
Kundam	3.87	3.21	3.26	2.9	1.72	3.11	3.1	2.45	3.01	2.02	0.94
Majholi	4.84	5.14	5.57	4.9	4.95	6.97	4.1	1.93	3.28	4.39	3.9
Panagar	4.44	3.8	4.05	3.64	2.71	4.29	2.52	3.53	0.45	2.69	2.27
Patan	3.83	3.38	4.13	2.99	0.59	2.54	2.48	2.32	2.12	2.9	2.61
Shahpura	2.21	2.52	2.92	2.25	0.1	7.19	3.5	3.96	1.88	1.28	1
Sihora	5.08	4.71	5.83	6.51	5.51	4.81	3.27	3.19	6.01	3.84	2.64

Fig. 1: Decadal trend of pre monsoon water table in Bargi block



Fig. 2: Decadal trend of pre monsoon water table in Kundam block



Fig 3: Decadal trend of pre monsoon water table in Majholi block



Fig 4: Decadal trend of pre monsoon water table in Panagar block

Fig 5: Decadal trend of pre monsoon water table in Patan block



Fig 6: Decadal trend of pre monsoon water table in Shahpura block



Fig7: Decadal trend of pre monsoon water table in Sihora block



Fig 8: Decadal trend of post monsoon water table in Bargi block

Fig 9: Decadal trend of post monsoon water table in Kundam block



Fig 10: Decadal trend of post monsoon water table in Majholi block



Fig 11: Decadal trend of post monsoon water table in Panagar block



Fig 12: Decadal trend of post monsoon water table in Patan bloc



Fig 13: Decadal trend of post monsoon water table in Shahpura block

Fig. 14: Decadal trend of post monsoon water table in Sihora block

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

पांडेय बेचन शर्मा उग्र का हिंदी साहित्य की यथार्थवादी लेखन परंपरा में योगदानः समीक्षा

किशोर कुमार शर्मा * प्रो. अशोक कुमार गुप्ता**

* शोधार्थी (हिंदी) एम. एस. जे. कॉलेज, भरतपुर एवं महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर (राज.) भारत
** शोध निर्देशक (हिंदी) एम. एस. जे. कॉलेज, भरतपुर एवं महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर (राज.) भारत

इस संदर्भ में कुछ बातें पाठकों के मन को झकझोरती हैं। 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' का युवक अगर सेठ की भूमिका में आकर लक्ष्मियों का इस्तेमाल अपनी महत्वाकांक्षा एवं हसस को पूरा करने के लिए करने लगता है, उसका आचरण एवं चरित्र सेठ जैसा हो जाए तो, कहानी की विश्वसनीयता, संवेदना, गंभीरता एवं प्रभाव कहाँ तक रह जाती है। 'सारा आकाश' में चित्रित पारिवारिक यथार्थ को किस रूप में पाठक ग्रहण करे, उसके प्रति संवेदनशील महसूस करे, जबकि स्वयं उसका रचियता खुलेआम, परिवार, पत्नी, पुत्री या रिश्ते की संवेदनशीलता की खिल्ली उड़ाते हुए, उन्हें विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित करता हो। उनके प्रति संवेदनहीनता की हद तक क्रूरतापूर्ण व्यवहार करता है। कहने का तात्पर्य यह है कि जब सामान्य व्यक्ति से समाज कुछ उत्तदायित्वों एवं जिम्मेदारियों के निर्वतन की उम्मीद करता है तो किसी रचनाकार,जिसकी भूमिका सामाजिक जीवन में आम आदमी से अधिक होती है, उसे समाज के एक बड़े हिस्से को उम्मीद होती है, वह एक मार्गदर्शक की भूमिका में होता है, उसे समाज ज्यादा सम्मान एवं सुविधा देता है, उसकी पहुँच जीवन एवं समाज में दूर तक होती है एवं भूमिका भी बड़ी हो जाती है। जिस प्रताड़ित, शोषित, उपेक्षित एवं नाना संकीर्णताओं में जकड़ी स्त्री के उत्थान एवं मुक्ति की बात करने वाला लेखक, जब स्त्रियों का ही विभिन्न तरीकों से शोषण करने लगता है तो उसके सृजन, वक्तव्य एवं कथ्यों की विश्वसनीयता एवं संवेदनशीलता कठघरे में खडी हो जाती है। उस पर अनेक आरोप एवं सवाल उठाना लाजमी हो जाता है। उसे गुनाहों को देवता मानकर माफ नहीं किया जा सकता है। इसमें व्यक्तिगत आजादी की बात कह कर उसकी उच्श्रृंखला लम्पटता एवं अराजकता की पूजा करना, एक तरह से अलोकतांत्रिक एवं अन्यायी है। कोई शराब का सेवन करके, दूसरे को इससे दूर रहने का उपदेश देता है तो उसकी बात सम्प्रेषित नहीं हो सकती हैं। उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता हैं । उसके लेखन एवं वक्तव्यों को अस्वीकार्य करना, लोकतांत्रिक एवं आधुनिकता हैं। आगे राजेन्द्र यादव के लेखन, व्यक्तित्व, आचरण एवं वक्तव्यों का पाठकों, लेखकों, मित्रों एवं रिश्तदारों द्वारा अभिवयक्त विचारों, टिप्पणियों एवं लेखन के माध्यम से विश्लेषित एवं विवेचित करने का प्रयास है।

हंस के माध्यम से राजेन्द्र यादव ने नव–लेखिकाओं को प्रोत्साहन एवं स्थान दिया। आजादी के पहले कथा लेखन में महिलाओं की प्रत्यक्ष उपस्थिति लगभग नहीं के बराबर थी। पुरूष लेखक ने अपनी अनुभवनात्मक प्रतिभा के आधार पर स्त्री संसार या यथार्थ को सृजित करने का प्रयास किया। राजेन्द्र यादव ने कहा कि आप अपना यथार्थ एवं अनुभव स्वयं रचे। एक तो आधुनिक तकनीक,नया अवसर एवं सम्प्रेशण के विविध माध्यम ने बिना किसी अभियान या आन्दोलन के स्वत: ऐसी परिस्थितियाँ पैदा की, जिसमें घर की देहरी अपने आप खुलती गयी, स्त्रियाँ घर से बाहर निकल कर अपनी बात खुद करने में समर्थ हुयी। राजाराम मोहन राय सरीखे उत्थानकर्ता की कोई खास भूमिका नहीं महसूस की गयी। परिस्थितियाँ ही स्त्रियों या अन्य हाशिये की आवाज एवं अवसर बनकर उपस्थित हुयी। इसके बावजूद पुरूषों के वर्चस्ववादी संसार में स्त्री अस्मिता एवं पहचान को स्थापित करना कठिन था। इसके लिए पुरूषों का सहयोग भी अपेक्षित था। सवाल यह है कि पुरूषों ने स्त्रियों का सहयोग एवं संबल किस शर्त एवं किस परिस्थिति में चाहे–अनचाहे बनना स्वीकार्य किया। पुरूष ने इसके बदले स्त्री से क्या चाहा। क्या स्त्रियाँ पुन: पुरूषों द्वारा ठगी गयी या सचमुच उनका कुछ भला हुआ। या स्त्रियाँ फिर पुरूषों द्वारा रचित खूबसूरत शडयंत्र का शिकार हो गयीं। यहाँ मै राजेन्द्र यादव द्वारा प्रोत्साहित नव–लेखिकओं के सृजन कार्य के आलोक में उपर्युक्त सवालों का विवेचन करने का संक्षेप में प्रयास करूंगा। मैत्रेयी पुश्पा,किरण सिंह, गीताश्री, सुधा अरोड़ा, लता शर्मा, रंजना श्रीवास्तव, प्रज्ञा पाण्डेय, कृष्णा अग्निहोत्री, मनीषा, शशिप्रभा शास्त्री आदि अन्य लेखिकाओं ने क्या रचा, उनकी सृजन का मूल स्वर क्या था। वह अपनी आजादी एवं बेहतरी की तलाश किसमें ढूँढ रही थी। क्या उनका रचित यथार्थ सत्य के निकट था। क्या स्त्री केवल 'देह' एवं 'सेक्स' के आवरण में सिमट कर रह गयी। जहाँ तक मैने पढ़ा है उपुर्यक्त लेखिकाओं के लेखन का मूल स्वर 'देह' एवं 'सेक्स' ही है। इसके लिए हमें 'स्त्री एवं 'देह' को अलग–अलग करे समझना होगा। यह सही हे कि स्त्री को 'देह' को अलग–अलग करके समझना होगा। यह सही हे कि स्त्री को 'देह' से अलग नहीं किया जा सकता है लेकिन स्त्री केवल देह नहीं है। वह देह के साथ एक स्त्री भी है। अगर हम उसकी देह की बात करते हैं तो स्त्री कहीं पीछे छूट जाती हैं देख दिखने लगती है, उसकी नुमाईश होने लगती है, इस स्थिति में स्त्री की अस्मिता एवं संवेदना छटपटाने लगती हैं 'स्त्री' एक सोच है, एक संवेदना है, एक अस्मिता है, भावना है, वह केवल भोज्या एवं बाजार में प्रदर्शन की वस्तु नहीं है। जब उसकी देह अनावृत होती है, चाहे वह अपनी मर्जी से, स्वतंत्रता की खातिर तो 'स्त्री' या स्वीत्व कहीं न कहीं व्यथित होती है। वह पुन: अपने 'देह' के लिए आजादी की नाम पर ठगी जाती है। हो सकता है कि अपने दैहिक सृजन के आधार पर कुछ महिलाएँ समाज में एक मुकाम हासिल करने में सफल हो जाएँ, लेकिन सफलता अपनी 'स्त्री' को मारकर या उपेखित करके ही क्षणिक रूप से मिल सकती है। यादव जी उन लेखिकाओं को दूसरी श्रेणी में शामिल कर देते है जो 'स्त्री' को रचने का प्रयास करती है। उनका कहना है कि स्त्रियाँ देह की देहरी पर लगी कुंडी तत्काल खोल कर अनावृत हो जाए, सनसनीखेज होने के कारण, बाजार हाथों–हाथ लपक सके। कृष्णा अग्निहोत्री लिखती हैं–''मुझे व शशिप्रभा शास्त्री आदि को वे सेकेन्ड क्लास लेखिका कहते जो आदर्शवाद एवं नैतिकता के घेरे में बंद रही''मनीषा पाण्डेय सवाल करती है कि–''आप स्त्रियों को देह–मुक्ति का पाठ पढ़ाते रहते हैं, ये क्यों नहीं कहते है कि लड़कियाँ ताकतवर बनें, संपादक बने, प्रकाशक बने।''निर्मला जैन लिखती हैं–''स्त्री की मुक्ति की उन्होंने जैसी देहधर्मी व्याख्या की, उससे 'नारीवादी' सोच का कितना हित–अहित हुआ, यह सवाल भी विचारणीय है। यह भी कि व्यक्ति की कथनी और करनी के बीच अगर तालमेल न हो, तो कथनी की विश्वसनीयता कितनी और कहाँ तक बनी रह सकती है'' । ममता कालिया

ने राजेन्द्र यादव पोशित एवं प्रोत्साहित नव लेखिकाओं की कहानियों पर टिप्पणी करते हुए लिखती हैं कि–''मैंने कई लेखिकाओं को अपने निजी जीवन की फजीहत के रंगारंग किस्से दनादन लिखते, छपते देखा, मै समझ गयी कि इस उद्योगशाला का ताला खुल गया है।.....''

स्त्री–मुक्ति और सशक्तिकरण के बहाने राजेन्द्र जी ने यौन–मुक्ति निजी अराजकता के ऐसे तर्क गढ़कर महिला लेखक को थमा दिए.....आगे वे राजेन्द्र यादव के एक कथन को उद्धत करती है– आजकल तो बाथरूम से लेकर शयन कक्ष तक सब जगह स्त्री अपने आप को देखे जाने की सुविधा देती है.....''

''..पहले वह केवल अपने अध्ययन कक्ष ही आने की अनुमति देती थी, ...''। हंस के कार्यकारी सम्पादक एवं उनके मित्र संजीव का कहना है कि–''मेरा विरोध उस लेखन से अधिक यौनिकता की ओर झुक जाने के प्रति था।..... आपका सारा स्त्री विमर्श फोरटीन टु फोर्टी, चौदह से चालीस के बीच का है।.....''आगे संजीव महिलाओं को हथियार के रूप में इस्तेमाल के सदंर्भ में लिखते हैं–''स्नोवा वार्नो के फेंके हुए ढेले के छींटे से कई नामी–गिरामी हस्तियाँ भी अछूती न रही।.....जिनका ब्रेन और जनजांग छोड़कार कोई भी अंग काम नहीं करता।'' किरण सिंह का आत्मकथ्य इस प्रकार है– ''आप सुन्दर हैं, राजेन्द्र जी से मिलने ता हमेशा आती रहती होगी..... इसी बहाने छूने को मिलता, वैसे तो मरखही गाय की तरह बिदकती रहती है।.....राजेन्द्र जी, लौट आइए। अबकी मै संकोच छोड़कर पब्लिकली कहूँगी–बाजीगर! मै आपको प्यार करती हूँ।''

काँटे की बात–3 में स्त्री की मुक्ति के संबंध में राजेन्द्र यादव के विचार इस प्रकार के हैं–''नारी को अगर स्वतंत्र होना है तो वेश्या बनने के सिवा कोई रास्ता नहीं है.....''। न उसका अपना कोई व्यक्तित्व होता है, न नाम।'' इस प्रकार राजेन्द्र जी तमाम प्रकार की नारी उत्थान या उपलब्धियों को एक तरह से नकार देते हैं। मुझे नहीं लगता कि सोनिया गाँधी, मेधा पाटेकर, कृष्णा सोबती, उषा प्रियंवदा, निर्मला जैन आदि महिलाओं की उपलब्धियाँ दैहिक हैं। स्त्री विमर्श से संबंधित उनके कुछ वक्तव्य निम्न हैं– ''उन्होंने स्त्री विमर्श की गंभीरता नष्ट कर उसे ब्लू फिल्म में क्यों बदला?..... इस फोटो में बड़ी चुंबनीय लग रही हो।.....सुन्दर स्त्रियाँ मानसिक रूप से किशोरी होती हैं और स्वयं ही देह तक अटकी नहीं रहतीं, बल्कि दूसरों को भी देह तक ही रोके रखती हैं।'' आगे उनका मानना है कि ''औरतों से ज्यादा स्वार्थी, कमीना और कोई नहीं होता''। ''नायिका जिस पुरूष से घृणा करती है इसी काले आबनूसी पुरूष को नग्न देख न जाने किस जादू में बँधी उसके खड़े लिंग पर हाथ रख देती हैं। कहती है..... आप में वाकई दम है।'' कुछ दृष्टांत उनकी रचनाओं से हैं। ''नारी बड़ी डॉमीनेटिंग होती है। बड़ी क्रूएल! इसके संपर्क में आने पर आदमी की बरबादी को कोई रोक नहीं सकता'', ''बेवकूफी आप लोगों (स्त्रियों) का जन्मसिद्ध अधिकार हैं वहाँ हम लाचार है।'', ''औरत से ज्यादा कमीना,स्वार्थी, बेरहम और मक्कार कोई दूसरा नहीं हैं।'' सुधा अरोड़ा एक साक्षात्कार में स्वीकार करती हैं कि ''हंस में छपने को आतुर लेखक–लेखिकाएँ सम्पादक के विषय की प्राथमिकता के अनुसार लिख रहे थे.....उल्टा लेखिकाओं की बड़ी जमात ने दैहिक विवरण बढ–चढ़कर लिखे, गोया बोल्ड लेखन का तमगा हासिल करने के लिए यही एक आसान सा रास्ता रह गया हो।'' ''वे बलात्कार का भी मजा लेती हैं। ऐसे विचारों पर भरोसा?.....राजेन्द्र जी हर रिश्ते में खोटे साबित हुए हैं। वे मन्नू जी के लिए गैर जिम्मेदार और अराजक पति, मीना के लिए अवसरवादी प्रेमी और मैत्रेयी के लिए झूठे मित्र हैं। हर स्तर पर उन्होंने रिश्तों की मर्यादा भंग की है और अपने संबंधों का चौराहे की चीज़ बनाकर रख दिया है।'' सूर्यबाला उनके स्त्री–विमर्श की नियत पर सवाल करती हुयी टिप्पणी करती है–''उनका स्त्री–विमर्श,उससे हमारे जैसों की जानी दुश्मनी है ही.....क्योंकि इस विमर्श के बहाने उन्होंने स्त्री को बहुत उकसाया और भडकाया है। सही मायने में फुसलाया और गुमराह भी किया है।.....संबंधों में संबंध, विवाहेत्तर संबंध और देह की आजादी के नाम पर बाजार की गुलामी .....''

राजेन्द्र यादव मूलत: कथाकार के रूप में साहित्य के इतिहास में याद किये जाते हैं। कथा साहित्य के साथ ही उन्होंने कुछ कविताएँ भी लिखी हैं जिसका कभी जिक्र नहीं मिलता है। कहानी, उपन्यास एवं समकालीन विधाओं पर उनकी चार–पाँच आलोचनात्मक पुस्तकें भी प्रकाशित हुयी हैं। उनकी प्रसिद्धि में वृद्धि का आधार वे लेख जो कभी सम्पादकीय या स्वतंत्र पुस्तकों के रूप में समय–समय पर पाठकों के लिए उपलब्ध होती रही है। वैसे उनका मूल करोबार 'हंस' ही रहा। हंस को उनका पर्याय माना जाय तो अनुचित नहीं होगा, क्योंकि पिछले तीन दशक व्यापक से हंस के माध्यम से ही सब कुछ कहा या लिखा। सृजन का उनका दायरा व्यापक नहीं कहा जा सकता है। पहली बात यह है कि उन्होंने कविता को मुख्य धारा का सृजन नहीं माना, साथ ही प्राध्यापकों द्वारा रचित साहित्य को भी वे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे, क्योंकि उन्होंने प्राध्यापकों द्वारा रचित साहित्य को ''ज्ञान का कब्रिस्तान'' से ज्यादा नहीं माना। धार्मिक, धर्म या आध्यात्म या पारलौकिक संकेत देने वाली रचनाएँ उन्हें ''मानसिक सुलभ शौचालय'' का ही सुख प्रदान करने में सक्षम थीं। वैसे ही परम्परा संस्कृति, इतिहास या दर्षन का स्पर्श मात्र होने से ही रचनाएँ उनके लिए अस्पृष्य हो जाती थीं। उनकी साहित्यिक एवं आधुनिकता पर वहीं रचनाएँ खरी उतरीं जो बोल्ड एवं ब्यूटीफुल हों यानि जिनमें सनसनी, उत्तेजना, अराजकता यानि बाज़ार में हाथोहाथ बिक सके।

वैसे हंस का कारोबार संभालने के बाद राजेन्द्र यादव रचनात्मक लेखन से दूर ही रहे। इस दौरान एक नयी पीढ़ी को प्रोत्साहन, पोशण एवं संबल प्रदान करने एवं समय–समय पर स्वयं या अपने किसी खास द्वारा अपने ऊपर केन्द्रित सनसनीखेज विचार एवं मुद्दों को उन्होंने उछालने या उछलवाने का कार्य करते रहे। विश्वनाथ त्रिपाठी उनके सृजन कर्म पर टिप्पणी करते हुए लिखते हैं कि–''उन्होंने एक–आध अच्छी या बुरी कहानियाँ लिखी भी। लेकिन उनका रचनाकार उनसे विदा हो चुका था। बीच–बीच में उसकी हूक राजेन्द्र यादव को उठती थी। और अपने रचनाकार को फिर से सक्रिय और जीवित देखने के लिए वे अनेक प्रकार की शोभन–अशोभन और कभी–कभी आत्मविज्ञापनी उद्योग भी करते थे।'' ममता कालिया का मानना है कि ''यदि राजेन्द्र जी अपने अन्दर का रचनात्मक, मौलिक रचनाकार जीवित रख सकते तो वे बेहतर इंसान और हमसफर बनते।..... हंस के कारण वे मौलिक रचनात्मक लेखन से कन्नी काट कर, सामाजिक सवालों की उठापटक में अपनी प्रतिभा का अपव्यय करने लगे।.....सम्पादक के साथ वे शिक्षक भी बनते गए और अपनी रचनात्कमता को धूमिल करते गए। संजीव का विचार है कि '' विमर्शो, विचारों के प्रति रूझानें बढ़ती गई, चिन्तक–विचारक राजेन्द्र विकसित होता रहा और लेखक राजेन्द्र सूखता रहा।'' अशोक वाजपेयी का मानना है कि ''राजेन्द्र यादव और ज्ञानरंजन, दोनों इस काम में कुछ इस कदर रम गए कि स्वयं अपने सृजनात्मक लेखन से विरत हो गए।

अषोक मिश्र लिखते हैं कि '' संपादक की भूमिका में आने के बाद लेखक के रूप में वे बहुत पहले ही लिखना बंद कर चुके हैं। अब तो कभी-कभार उनकी आधी-अधूरी कहानियाँ और साक्षात्कारों की सम्पादित पुस्तकें ही पाठकों को मिलती हैं। भारत यायावर उनके एक फतवे की तरफ हमारा ध्यान दिलाते हैं ''सन् सैंतालीस से पहले का बींसवी सदी से पहले का जो साहित्य है वह सब हमें छोड़ देना चाहिए क्योंकि उस जबान को जिसमें लिख गया, कोई नहीं समझता।'' सुधा अरोड़ा एक साक्षात्कार में स्वीकार करती हैं कि ''उनकी यौन कुंठाओं ने उनके रचनाकार और षिल्पकार पक्ष को कुंद कर दिया। पिछले पद्रंह सालों में उन्होंने अपने ही कथाकार का बिलोम रचा।''

राजेन्द्र यादव ने युवा रचनाकारों को एक नया विषय और हंस के रूप में एक नया प्लेटफार्म प्रदान किया, जहाँ अभिव्यक्ति पर किसी प्रकार की कोई बंदिशें नहीं लगायी जाती। पिछले तीन दशक से ज्यादा (यानि हंस के पुन: प्रकाशन के साथ) युवा लेखक-लेखिकाएँ, स्त्री,दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी, रूढ़ परम्पराएँ आदि ज्वलंत सामाजिक मुद्दों पर खुलकर कहानी एवं उपन्यास के माध्यम से अपनी बात कहते आ रहे हैं। इसे एक उपलब्धि के रूप में स्वीकार किया जाता है, क्योंकि हंस के अतिरिक्त किसी अन्य साहित्यिक पत्रिका द्वारा ऐसा अभियान या आन्दोलन नहीं चलाया गया, दृश्टिगोचर होता है। इससे संबंधित कुछ सवाल पाठकों को बैचेन करते हैं। पहला हंस द्वारा प्रायोजित, प्रोत्साहित एवं पोषित ऐसे कितने लेखक हैं जिनकी रचनाएँ, साहित्यिक उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज होने लायक है? दूसरा, ऐसे कितने लेखक-लेखिकाएँ हैं जो हंस के बाहर की दुनिया को प्रभावित करते हैं। तीसरा, जिन मुद्दों या विषयों को तरजीह दी गयी, क्या उन विषयों को अपेक्षित गंभीरता, संवेदनशीलता एवं रचनात्मकता की दृश्टि से एक उपब्लिध के रूप में स्वीकार किया जा सकता है? चौथा, क्या ज्वलंत मुद्दों के अतिरिक्त अन्य जरूरी सामाजिक सरोकर रखने वाले विषयों पर भी नवलेखकों ने अपनी रचनाओं के केन्द्र में रखा। पाँचवा जिन विषयों को लेकर साहित्य रचा गया, क्या उन्हें रचनात्मक ईमानदारी, तटस्थता एवं व्यापक संवेदनशीलता से सृजित किया या किसी बने-बनाए फ्रेम में बेहद संकीर्ण एवं माँग के अनुरूप, प्रसिद्धि पाने या कुछ नया करने के उद्देश्य से ही लिखा गया? छठाँ, क्या तटस्थ या सत्य यथार्थ रचने वाले रचनाकारों को हंस द्वारा प्रोत्साहन एवं संबल प्राप्त हुआ? और भी सवाल हैं जिन पर विस्तार से कभी और विचार किया जाएगा।

उपर्युक्त सवालों के संदर्भ में कहा जा सकता है कि राजेन्द्र यादव, हंस एवं नवलेखन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से राजेन्द्र यादव का विचार एवं स्वर प्रभावी रहा। जब सम्पादक विषय एवं फ्रेम निर्धारित कर देता है तो रचनात्मकता की जगह शेष नहीं बचती है। यही कारण है कि पिछले तीन दशकों से हंस द्वार प्रचारित एवं प्रसारित विषय एवं रचनाकार, हंस द्वारा निर्मित सीमाओं का अतिक्रमण कर, कोई कालजयी रचना, विचार एवं रचनाकार की उपस्थिति साहित्य के इतिहास में दर्ज नहीं हो पायी। स्त्री 'देह' के आवरण के बाहर नहीं निकल सकी, वह स्त्री से देह में दब्दील होती रही। हनुमान आतंकवादी की श्रेणी में शामिल हो गए तो दलित आत्मकथ्य एवं आत्मसंस्मरण से अलग रचनात्मक हस्तक्षेप से लगभग वंछित ही रहा। लेखक एवं लेखिकाएँ अपनी रचनात्मकता से ज्यादा राजेन्द्र यादव से व्यक्तिगत राग-विराग एवं चकित एवं रोमंचित करने वाले वक्तव्यों या अभिव्यक्ति के लिए याद किये जाते रहे हैं। विश्वनाथ त्रिपाठी ने लिखा है कि ''नव लेखिकाओं को नाना प्रकार से प्रोत्साहित करते थे और उनका सहयोग प्राप्त करते थे।'' निर्मला जैन इस पर टिप्पणी इस प्रकार करती है ''कुछ लेखकों को उन्होंने कलम पकड़कर लिखना सिखाया। उनकी कमज़ोर रचनाओं का संशोधन किया, उन्हें प्रकाशित किया,.....जिनमें दम था, संभावना थी वे चल निकले, कुछ लड़खड़ा कर पिछड़ गए और कुछ ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया.....'' ममता कालिया की उनसे यह शिकायत है कि ''उन्होंने समर्थ रचनाकारों को परे सरकाकर असमर्थ रचनाकारों की एक फौज खड़ी कर ली। यह मानकर कि वे अपनी शक्ति इनके अन्दर स्थानांतरित कर देंगे।' व्यक्तित्व को सीधे तौर पर लेखन के मूल्याकंन का आधार तो नहीं बनाया जा सकता है, लेकिन रचनाकार कार्य एवं व्यवहार, रचना को किसी न किसी रूप में प्रभावित अवश्य करता है। आधुनिकता की सबसे प्रमुख माँग या अपेक्षा यह रहती है कि ''व्यक्तिगत स्वतंत्रता'' जिसके लिए अंग्रेजी में अति प्रचलित शब्द पर्सनल का प्रयोग किया जाता है, को व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार से अलग करके देखने की बात कही जाती है। इस संदर्भ में मेरा मानना है कि व्यक्ति के ''पर्सनल'' का प्रभाव जब किसी बड़े सामाजिक समूह पर पड़ता है तो उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। राजनीतिशास्त्री '' स्वतंत्रता'' को ''स्वच्छंदता'' के पर्याय के रूप में स्वीकार नहीं करते हैं। इस संदर्भ में व्यक्ति की स्वतंत्रता का विश्लेषण या उसमें हस्तक्षेप अतार्किक एवं गैरजरूरी नहीं कहा जा सकता है। राजेन्द्र यादव के व्यक्तित्व का विश्लेषण मै राजेन्द्र यादव के मित्रों,रिश्तेदारों, लेखकों, पारिवारिक सदस्य, आलोचकों एवं पाठकों द्वारा समय-समय पर की गयी टिप्पणियाँ एवं आलेखों के आधार पर करने का प्रयास करूगाँ। पुत्री रचना यादव पिता एवं परिवार के दायित्व एवं संबंध की संवेदनशीलता पर विचार करते हुए सवाल पूछती है कि '' उनमें पिता के गुण नहीं हैं। दरअसल वे एक नॉन कैनवेशनल हैं। एक आम पिता में जो सब होता है उनमें वैसा कुछ नहीं है.....मेरे पिता कभी इस गुण के आस-पास भी नहीं पहुँच पाए।' आगे स्वीकार करती हैं-'' वे सच नहीं बोलते।.....अपने परिवारिक जीवन में वे गोलमोल रहे हैं। उन्होंने मम्मी को कभी सच्ची बात नहीं बताई।..... उनके मन में चलता कुछ है और बोलते कुछ और हैं।' निर्मला जैन का मानना है कि ''किसी छोटे से प्रसंग में वे बेवजह सत्ता-सुख पाने के लिए कोई ऐसी हरकत कर दें कि आप तिलमिला कर रह जाएँ, कहा नहीं जा सकता। उन्हें दोस्ती के रिश्ते को दाँव पर लगाने में भी संकोच नहीं होगा।.....संगति उनकी खुराफाती प्रकृति से अधिक मेल खाती थी, सच्चाई से कम।.....'हंस सम्पादक के लोकतांत्रिक मुखौटे के पीछे छिपे घोर आत्मकेन्द्रित खुरापाती व्यक्तित्व की झलक प्रस्तुत करने के लिए काफी होगा।

.....उन्होंने 'स्त्री विमर्श', 'दलित विमर्श' और 'सांप्रदायिकता' जैसे गंभीर सवालों को एजेण्डा बनाकर जो ताबड़तोड़ लेखन किया, उसमें फिकरेबाजी और पैंतरेबाजी कितनी थी..... इसका निर्णय इतिहास करेगा। यूँ भी कथनी और करनी के बीच का फासला अगर बहुत हो जाए, तो इस कथन की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ जाती है। इस दृष्टि से उनकी नियति निरंतर कठघरे में खड़ा रहने की रही हैं।..... वे इसके लिए सायास लेखकीय हथकंडों का प्रयोग करते हैं। मानीखेज के बजाय सनसनीखेज चुटकुलेबाजी का वितंडा खड़ा करके। वे समझते हैं कि ऐसा होना सबके ध्यान के केन्द्र में होना है। भले ही उस जगह को बनाए रखने के लिए अपने को लगातार दोहराना पडे, तथ्यों के साथ बलात्कार करना पड़े। ज़रूरत पडे तो टिकाऊ संबंधों को दाँव पर लगा देने में भी उन्हें गुरेज नहीं

होता।''

उनके चरित्र के बारे में सुधा अरोड़ा कहती हैं–''राजेन्द्र जी के कहे अनुसार जो नहीं चलता, उनके वाक्यवाण का एक तमगा लेकर ही लौटता हैं मसीहाई अंदाज में वे तमगे बाँटते चलते हैं।.....पर हाँ! जिन्दादिल होने के साथ–साथ वे बेहद असंवेदनशील भी हैं।'' आगे कहती हैं–''किसी से खुन्नस निकालनी है, उसके रचनाकार एवं शिक्यकार पक्ष को कुंद कर दिया..... चर्चा में हमेशा बने रहने के लिए उन्होंने साहित्य में राखी सावंत का रोल निभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी इसलिये उन्हें स्टंटबाज भी कह सकते है।..... राजेन्द्र जी हर रिश्तें में खोटे साबित हुए हैं। वे मन्नू जी के लिए गैर जिम्मेदार और अराजक पति, मीता के लिए अवसरवादी प्रेमी और मैत्रीयी के लिए झूठे मित्र हैं। हर स्तर पर उन्होंने स्त्रियों की मर्यादा भंग की है।..... अपने निजी संबंधों में ही नहीं, संपादन और लेखन में भी– वे सतह पर ईमानदारी दिखाई देते अपने ही वक्तव्य को निभा नहीं पाते।' राजेन्द्र यादव के समकालीन एवं कहानी त्रयी के प्रमुख लेखक कमलेश्वर का उनके व्यक्तित्व एवं लेखन पर विचार इस प्रकार है–'' विवाद जान–बूझकर पैदा करते हैं.....उसमें ईर्ष्यों तो खैर है ही, कुंठा भी है। जब मन्नू भण्डारी ने कहा, कि राजेन्द्र ने उनका उपन्यास लेकर फिर अपने आप से लिख डाला, जब पति–पत्नी में उनका यह व्यवहार था तो आप अन्दाजा लगाइए कि.....मै पूछता हूँ कि राजेन्द्र ने अपने सम्पादकत्व में कौन ऐसे लेखक पैदा किये? कौना–सा वैचारिक आन्दोलन खड़ा किया?.....'पीली छतरी वाली लडकी' का लेखक तो यहाँ तक कहता है कि यह कहानी धौंस देकर, कमरें में बंद करके राजेन्द्र यादव ने उनसे लिखवाई।.....जिन्होंने उन्हें पैसे दिए हैं उन लोगों की कहॉनियाँ उन्होंने छापी हैं.....वो ऐसे लोगों से घिरे हैं जो उनसे गलत नजरिए से मात्र सम्पादकीय लिखवा सकते हैं। वे अपनी कुंठाओं और चाटुकारों से घिरे रहने में ही लेखकीय सफलता और जीवन की सफलता मानते है।' विश्वनाथ त्रिपाठी स्वीकार करते हैं कि 'उनका मन सबसे ज्यादा उल्लसित और फिर प्रफल्लित होता था मित्रों को छोड़ने और सत्संग से ज्यादा कुसंग में।'

कुसंग यानि नकारात्मक गतिविधियों में भाग लेना या समर्थन करना। ऐसी स्थिति में किसी रचना एवं रचनाकार प्रभाव समाज, जीवन एवं वर्ग पर नकारात्मक ही होगा, जो मनुष्य की मनुष्यता, संवेदनशीलता एवं उन्नति में बाधा उत्पन्न करता है।

राजेन्द्र यादव पर यह भी आरोप लगाया जाता है कि उन्होंने तथ्यों का गंभीरता से पड़ताल किये बिना ही, सम्पादकीय में अतार्किक ढंग से उल्लेख कर देते हैं। जो अूधरी, बेमानी, असत्य एवं सम्पादक के अज्ञान या अधूरी समझ की ओर इंगित करता है। दामोदर दत्त दीक्षित ने 'हंस' में इस विषय पर विस्तार से लिखा है। उसी से कुछ उदाहरण नीचे द्रष्टव्य हैं–''मुझे लगता है'' या 'शायद' जैसे जुमले इस्तेमाल करते हुए वह बड़े से बड़े झूठ, बड़ी से बड़ी अप्रामाणिक बात बगैर पलक झपकाए बोल सकते हैं।.....स्वयं को अतिमानव मानते हुए गलतबयानी करना, करते चले जाना शायद वह अपना विशेषाधिकार मानते हैं।.....यादव जी अपने सम्पादकीय के माध्यम से 'हंस' के पाठकों को मिथ्या या भ्रामक सूचनाएँ देते हुए उन पर विचार और धारणा के महल खड़े करने में पटु हैं।..... अगर 'हंस' के सभी सम्पादकीयों पर नजर डाली जाए तो झूठ और त्रुटियों पर एक पुस्तिका तैयार हा जाएगी।..... यादव जी की कथनी और करनी में ही नहीं, कथनी और करनी में भी अन्तर्विरोध है। कठमुल्लापन की आलोचना करते–करते स्वयं कठमुल्ला बन जाते हैं। यदि उनका राजेन्द्रपना है।.....''वह वैचारिक लेखन को बेहद हल्के, लापरवाह और खिलदंडे अंदाज में लेते हैं और विषय को पूरी तरह जाने–समझे बगैर कलम चलाने में परमपटु हैं।''

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. हसं, दिसम्बर 2013,पृ.47
2. हसं, दिसम्बर 2013,पृ.15
3. हंस, दिसम्बर 2013, पृ.24
4. हंस, दिसम्बर 2013, पृ.36
5. हंस, दिसम्बर 2013, पृ.37,38
6. हंस, दिसम्बर 2013, पृ.62,63
7. हंस, दिसम्बर 2013, पृ.145
8. पाखी, सितम्बर 2011, पृ.68
9. हासिल और अन्य कहानियाँ, पृ.29
10. पाखी, सितम्बर 2011 पृ.70
11. उखड़े हुए लोग, पृ. 51
12. अनदेखे पुल, पृ. 33
13. हासिल, पृ.29
14. पाखी, सितम्बर 2011 पृ.144
15. पाखी, सितम्बर 2011. पृ. 146
16. पाखी, सितम्बर 2011 पृ.105
17. हंस, दिसम्बर 2013 पृ.27
18. हंस, दिसम्बर 2013, पृ. 36
19. हंस, दिसम्बर, 2013 पृ.38
20. वही पृ. 32
21. पाखी, सितम्बर 2011, पृ.116
22. पाखी, सितम्बर 2011, पृ.124
23. पाखी, सितम्बर 2011, पृ. 142
24. हंस दिसम्बर 2013, पृ.26
25. हंस, दिसम्बर 2013, पृ.24
26. हंस, दिसम्बर 2013, पृ.36
27. पाखी,सितम्बर 2011, पृ. 192
28. वही, पृ.193
29. वही, पृ. 41,42
30. वही, पृ.141
31. वही, पृ.146–147
32. वही, पृ.200,201
33. वही, पृ.27
34. पाखी, सितम्बर 2011, पृ. 129–138

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

''Pichwai Art''- Soul of Nathdwara

Dr. Vandana Sharma*

***Atal Bihari Vajpayee Hindi Vishwavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA**

Abstract - There has always been a timeless tradition of art forms, which have been practised for different reasons among people, living far from urban life in interior terrains of forests, deserts, mountains and villages. Our country has always been a repository of indigenous knowledge, which has been transferred from one generation to another. Artists in each generation have created the best of works out of available material and technology. Many scholars named these art forms as minor arts, utility art, folk art, tribal art, people's art, ritual art, crafts, and so on.

Among the many popular traditions of painting, Mithila or Madhubani painting of Bihar, Warli painting of Maharshtra, Pithoro Painting of North Gujarat and western Madhya Pradesh, Pabuji ki Phad from Rajasthan, Pichhwai of Nathdwara in Rajasthan, Gond and Sawara Paintings of Madhya Pradesh, Pata Chitra of Odisha and Bengal, etc., are few examples. Here, a few of them have been discussed.

Introduction - Pichwai paintings are a form of traditional Indian art and is believed to have originated over 400 years ago, is a rich history that dates back to the 17th century in the town of Nathdwara in Rajasthan in India . The temple is dedicated to Lord Krishna, who is depicted as a child in the form of Shrinathji.

Pichwais are religious cloth paintings art form that pays tribute to the seven-year-old Lord Krishna. 'Pichwai' is a pathway to grace and spirituality. These paintings are made on large cloths and show Lord Krishna as Shrinathji and depict his childhood. The word Pichwai means 'hanging at the back' and is derived from the Sanskrit words 'Pich' which means back and 'Wai' means hanging. They describe the life events of Lord Krishna and are hung in temples behind the idol. The main theme of these paintings is Shrinathji and his Leelas (past times). Apart from being a visual narrative, they also express the mood of the deity(god) , the spirit of the season or festival. With changing times, this art, known for fine intricate handiwork, has found its place in the urban living spaces.

Traditional Pichwai paintings often feature Lord Krishna in various postures, surrounded by forests, cows, gopikas, blooming flowers, dancing peacocks, and gushing (उमडना) rivers. The art form beautifully captures the essence of nature's abundance and Krishna's enchanting (अद्भुत) presence.

Litrature Review Of "Pichwai Art"

1. Theme: The themes of Pichwai paintings revolve around the various stages of Lord Krishna's life, including his childhood, youth, and adulthood.

The art form has gained popularity worldwide and is now being produced on various mediums such as paper, canvas, and the paintings are typically done on silk cloth and areused as backdrops for Hindu deities (देवताओ) which includes Lord Krishna as Shrinathji, the Ras Leela of Krishna and the Gopis, Radha – Krishna , cows and lotus blossoms. Other popular themes include depiction of festivals such as Diwali, Holi, Janmashtami, Gopashtami, Nand Mahotsav, Sharad Purnima, Annakoot or Govardhan Puja.

Traditional Indian painting styles often depict Hindu deities and mythological scenes, as well as everyday life and cultural traditions. Nature and spiritual symbols are also common themes.

2. Lotus: Lotus Pichwai painting is a type of Pichwai art that prominently features the lotus flower as a central motif. Lotus flowers hold significant symbolism in Hinduism, representing purity and divine beauty. In these paintings, the lotus is often depicted in various stages of bloom and is surrounded by intricate designs and vibrant colours, creating a visually stunning and spiritually meaningful artwork.

3. Cow: A Cow Pichwai painting is a form of Pichwai art that highlights the sacredness of cows in Hindu culture. These paintings typically showcase cows in serene and reverential settings, often with Lord Krishna, who is known for his association with cows. The artwork reflects the importance of cows in Indian spirituality and daily life.

4. Gold Tree: A Gold Tree of Life Pichwai painting is a type of Pichwai art that features a tree of life motif adorned with gold accents. This symbolises the cycle of life, growth,

and spirituality. These paintings are known for their intricate detailing and use of gold, representing prosperity and divine blessings.

5. Peacock: Peacock Pichwai Painting is a form of Pichwai art that prominently showcases peacocks, which hold special significance in Hindu mythology, symbolising beauty and grace. These paintings often depict peacocks in vibrant colours and intricate designs, creating visually captivating and spiritually meaningful artworks.

6. Radha and Krishna: A Pichwai painting of Radha Krishna is a traditional artwork that features the divine love story of Lord Krishna and Radha. These paintings depict the romantic and spiritual connection between them, often set against a backdrop of rural landscapes or intricate designs. They are known for their vibrant colours and intricate details, celebrating the eternal bond between Radha and Krishna in Hindu mythology.

Pichwai paintings are regarded as an important cultural heritage of India and have been recognized by the Indian government for their cultural significance.

7. Hues of Pichwai: The paintings of Pichwai are very vivid and creatively and expertly combine a variety of colours. These hues (colours)are created of stones and derived from natural sources. These hues come from natural sources such as coal, indigo, gold, silver, saffron, zinc, and others. either woven with hand blocks in vivid colours. Yellow, green, black, and red are the most prominent hues of Pichwai.

8. Use of Colours: The colors used in Pichwai paintings also carry deep spiritual significance. The color blue, which is often used to depict Lord Krishna, represents divinity, truth, and eternity. The color yellow, which is often used to depict his clothing, represents knowledge, learning, and enlightenment. The color red, which is often used to depict flowers, represents love, passion, and devotion.

9. Purpose of Making: The purpose of Pichwai art is to narrate tales of Krishna to the illiterate. Temples have sets with different images, which are changed according to the calendar of festivals celebrating.

Pichwai have become the main export of Nathdwara and are in much demand among foreign visitors. The artists live mostly in Chitron ki gali (Street of paintings) and Chitrakaron ka mohallah (colony of painters) and are a close community with constant interaction. Often a Pichwai painting is a group effort, where several skilful painters work together under the supervision of a master artist.

To increase pichwai demand, artisans started to make slight shifts in their painting techniques. Pichwais were made both in the traditional style, but also started to incorporate western influences such as using oil paints and using realism rather than the traditional stylistic approach.

Conclusion: Pichwai paintings are more than just beautiful works of art. They are rich in symbolism and carry deep spiritual significance. The lotus, peacock, cow, flute, and colors used in these paintings all have a specific meaning and represent various aspects of Lord Krishna's life and teachings. By understanding the symbolism and significance of Pichwai paintings, we can gain a deeper appreciation for these works of art and the culture and spirituality they represent.

Pichwai paintings are a Rajasthani cultural treasure and a homage to Lord Krishna. Not only has this traditional art form helped to maintain Indian cultural traditions, but it has also given the Rajasthani people a way to express their devotion. Pichwai paintings' elaborate patterns and vivid colours have won recognition on a global scale and have been displayed in galleries and museums all over the world. For the Rajasthani people, Pichwai painting is a way of life as well as an art form, and it will continue to amaze and inspire people for many centuries to come.

References:-

1. Shrinath ji: Pichwais: The Manifestation of Publication, By- Anu Julka
2. Nathdwara Pichwais, By- Anu Julka
3. https://en.m.wikipedia.org/
4. https://rooftopapp.com/the-art-of-pichwai-paintings/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

मृदुला गर्ग के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय

डॉ. सरला पण्ड्या *

* कार्यवाहक प्राचार्य (हिन्दी) हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा (राज.) भारत

प्रस्तावना – हिन्दी साहित्य में मृदुला गर्ग के एक विशिष्ट पहचान हैं उन्होंने भारतीय समाज की स्त्री की स्थिति, व्यक्तित्व, विचार एवं संवेदनाओं को भली प्रकार से समझते हुए साहित्य रचना की हैं। मृदुला गर्ग का जन्म 25 अक्टुबर 1938 में कोलकाता (प. बंगाल) शहर के एक रईस खानदान में हुआ। पिताजी माननीय बी.पी.जैन का तबादला दिल्ली में हो गया जिससे उनकी शिक्षा दिल्ली में हुई। स्वास्थ्य खराब होने से वह तीन-चार साल तक स्कूल जा न सकी पर पढ़ाई में तेज होने से उनका साल बर्बाद नही हुआ और समय पर उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। मृदुला गर्ग की चार बहने और एक भाई है। साहित्य सृजन में वह अपनी बहन मंजुल भगत से काफी प्रभावित थी इसलिए उन्होंने अपना एक उपन्यास 'मैं और मैं' उन्ही को समर्पित किया। साथ ही उनके कई सारे किस्से उन्होंने 'मेरे संग की औरते' नामक लेख में भी लिखे हैं।

मृदुला गर्ग के भाई-बहनो का अपने-अपने कार्यक्षेत्र में काफी प्रभाव एवं अस्तित्व हैं। उनका इकलौता भाई राजीव जैन है, जो राजभाषा हिन्दी का कवि है। चित्रा जैन, रेणु जैन ने गृहस्थी जीवन की बागडौर संभाल रखी है तो एक बहन अचला बंसल एक प्रसिद्ध अंग्रेजी लेखिका है।

शिक्षा एवं वैचारिक पृष्ठभूमि – बचपन में सेहत कमजोर होने से वह तीन-चार साल तक विद्यालय न जा सकी पर मेंघावी होने से समय पर अपनी शिक्षा पुरी की। मृदुला गर्ग ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स से अर्थशास्त्र में एम.ए. किया। बाल्यावस्था में ही उन्होंने हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में अपनी मौलिक रचनाऐं की। वे पढ़ने में भी रूचि रखती थी उन्हें कई लेखकों की रचनाऐं तो जुबानी याद थी जिसका परिणाम यह था कि साहित्य उनके रग-रग में समा गया तथा मन में जो बड़े साहित्यकारों के प्रति जो डर था वो भी समाप्त हो गया। बचपन में उन्होंने एक कहानी 'थ्रू द लुकिंग, ग्लास' पढ़ी तो उन्हें महसूस हुआ कि दौडेंगे नहीं तो ठौर पर खड़े नहीं रह पाओगे। इसके बाद उनकी साहित्य के प्रति रूचि दिन-ब-दिन बढ़ती गई इसी तरह एम.ए अर्थशास्त्र करते वक्त भी एन. राज जी की बात 'तेज नही दौडोगे तो पीछे धकेल दिए जाओगेय थी उनके हृदय पर असर छोड़ गई।

अपनी शिक्षा पूरी करने के पश्चात सन् 1960 तक उन्होंने दिल्ली के इन्द्रप्रस्थ कॉलेज और जानकी देवी कॉलेज में प्राध्यापिका के रूप में अध्यापन कार्य किया। उनके जीवन में अभिनय की भी एक अलग पहचान थी। उन्होंने अपनी विद्यालयी जीवन में कई नाटकों में अभिनय किया तथा कई पुरस्कार पाने में सफल रही है। उनके एकांतप्रिय स्वभाव एवं स्वास्थ्य की कमजोरी के कारण उनके मित्रों का दायरा सीमित था।

वैवाहिक जीवन – मृदुला गर्ग के पति का नाम 'आनंद प्रकाश गर्ग' था उनका विवाह 1963 में हुआ। विवाह से पहले 1960 से 1963 तक अध्यापिका की हैसियत से काम करती रही। किंतु विवाह के पश्चात नौकरी छोड़ दी। ऐसा इसलिए किया क्योंकि उन्हें लगता था कि पारिवारिक विघटन और बिखराव का कारण, यह नौकरी हो सकती है। उन्होंने इसलिए ममता परिवार और नौकरी में से ममता और परिवार को चुना उन्होंने शायद ऐसा इसलिए किया होगा कि उनकी माँ की वजह से उनका परिवार बिखरते-बिखरते बचा। वे अपने पति के साथ अलग-अलग जगहों पर रही। डालमिया नगर (बिहार), दुर्गापुर (बंगाल), बागलकोट (कर्नाटक) आदि औद्योगिक तथा छोटे कस्बों में 1963 से 1971 तक रही।

पारिवारिक दायित्व – मृदुला गर्ग को परिवार और सृजन के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने परिवार की खुशी के लिए कई मर्तबा सृजन कार्य को रोका था परन्तु धुंधल के हट जाने पर दौबारा सृजन कार्यका आरम्भ किया। प्रस्तुत बात का जिक्र उन्होंने 'में और मेरा समय' लेख में जादू का कालीन का निर्माण करके किया। वे उन परिस्थितियों के बारे में भी बताती है जिसकी वजह से उन्हें इस जादू का कालीन को बनाना पड़ा।

सन 1985 में उनके घर को आर्थिक दबावों ने घेर लिया था। 'आनन्दप्रकाश गर्ग' जी को दफ्तर घर पर ही खोलना पड़ा। कई लोग काम के सिलसिले में आते जाते रहा करते थे। इस बीच लेखन कार्य का करना बड़ा मुश्किल था। मेंहमानों और दफ्तर के कामकाजी लोगों की भीड़ में मन को एकाग्र करना काफी कठिन था। वे कुछ कहानियाँ तो लिख लेती थी परन्तु उपन्यास लिखना उनके बस की बात नहीं थी। उन्हें लगता था कि यदि वे लिखना शुरू करेंगी तो उसे किसी मंजिल तक नहीं पहुंचा सकेगी मगर वे लिख सकती थी। क्योंकि उन्होंने अपना 'चितकोबरा' नामक उपन्यास सुबह 4 बजे से 6 बजे के बीच ही लिखा था।

मृदुला गर्ग की व्यक्तित्व की विशेषताएँ – मृदुला गर्ग का बाह्य चित्र निराला, अद्भुत एवं अजुबा है। ऐसा लगता है उनका स्वभाव उनक नाम के अनुरूप है। मृदुला उनके नाम में ही नहीं बल्कि उनके स्वभाव में भी कूट-कूट कर भरी है। छिरहरा बदन, छोटा कद, बड़ी बड़ी आँखें अपनी कहानी बयान करती है। तराशी भौंहें कंधे तक कटे बाल, गोरा रंग, गोल चेहरा और होठों की मंद-मंद मुस्कुराहट मृदुला गर्ग के व्यक्तित्व को चार चाँद लगा देती है।

उनका कोमल और मृदु स्वभाव उनके व्यवहार में स्पष्ट दिखाई देता है। उनके भीतर एक दृढ़ विचार था। वे जो करने का सोचती, करके ही दम लेती। उनके व्यक्तित्व को सूर्य के समान दैदीप्यमान बनाती हुई शीलप्रभा वर्मा जी कहती हैं 'श्रीमती मृदुला गर्ग सुदर्शना है। उनका साहित्य तद्रूप ही सुदर्शन है, श्रीमती गर्ग बोल्ड हैं, उनका लेखन भी बोल्ड है। सहानुभूति न वो चाहती है न ही बाँटती है। स्वाभिमान उनमें कूट कूटकर भरा है। वे सत्य के एक अंश को लेकर उसे ग्लोरीफाई नहीं करती प्रत्युत उसको उसकी संपूर्णता में लेती है। जीवन में दु:ख छिपाना वे जानती नहीं और अपने लेखन को भी उन्होंने उसी के अनुरूप ढाला है। उनकी जैविक तृष्णाओं की सहज व स्पष्ट अभिव्यक्ति भी अपने प्रति बोला गया सच है। एक सुक्ष्मपारदर्शी वेदना धारा उनका लेखन और व्यक्तित्व में बहती हुई दिखाई देती है। वह कभी हँसी के नीचे छलकती है, कभी शुद्ध त्रासदी बनकर उभरती है।

मृदुला गर्ग बचपन से ही मेंधावी रही है। उनको बचपन से ही साहित्य पढ़ने लिखने का शौक था। इसी पठन पाठन के कारण उन्हें योग्यता छात्रवृति अर्थशास्त्र की एम.ए. परीक्षा में मिली। किसी भी व्यक्ति का व्यक्तित्व तभी पूर्ण होता है जब उसके बाह्य एवं आंतरिक व्यक्तित्व का ज्ञान हो इसी के जरिए किसी को व्यक्तित्व में ढाला जा सकता है। मृदुला गर्ग की आंतरिक सच्चाई यह है कि वे बहुत जिज्ञासु और अपने भीतर सिमटे रहने वाले लोगों में से थी। उनका करीबी दोस्त इसी कारण नहीं था। उनके जितने भी दोस्त बने हैं उनमें स्त्री से ज्यादा पुरूष थे। ये दोस्त उन्हें महाविद्यालय में पहुँची तब बने। यहां तक आते आते उनके स्वभाव में काफी बदलाव आया वे शर्मिली, संकोची, लचीली से स्वतंत्र, दृढ़ और विवादी हो गई। वे वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने लगी और इसी दौरान उनकी प्रतिभा निखरकर सबके सामने आई विस्तृत माइने में देखें तो उनका व्यक्तित्व सामाजिक चेतना विद्रोह की प्रवृति, घुम्मकड़ी वृति, संवेदनशीलता, बागवानी का शौक, कलात्मक, सौन्दर्य प्रेम, रसोई और पकाने के शौक में बंटा है। इनके बीच लेखन वृति कमजोर नहीं पड़ी, इसमें भी कई आयाम मौजूद है। सृजन पंसदीदा साहित्यकार, रचनाएँ, पुस्तकें, पठरन लेखन में एकांत प्रियता, उसके निर्दिष्ट समय, पाठ्य वस्तु की प्रतिक्रिया और अपने द्वारा रचित रचनाओं का वर्गीकरण आदि।

सामाजिक चेतना – मृदुला गर्ग ने एक विद्यालय का संचालन किया था। इसे प्रारम्भ करने का ख्याल उनक मन में काफी समय से चल रहा था यह एक ऐसा विद्यालय था जहाँ पर विभिन्न वर्गो के बच्चे शिक्षा लेने आते थे ये बच्चे विभिन्न प्रदेशों से आते थे। इसे संचालित करने का उद्देश्य हिन्दी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषा कन्नड़ में शिक्षा प्रदान करन तथ अन्य प्रदेशों में अपने शुभ्र कदम विद्यार्थियों द्वारा बढ़वाना था। 1971 में बागलकोट (कर्नाटक) में यह स्कूल चलाया गया था। 1974 तक वे इसे बरकरार रख पाई किन्तु बाद में वे दिल्ली आ गई परन्तु तब तक कर्नाटक सरकार ने उसे स्वीकृति दे दी थी। आज भी यह विद्यालय अपनी जगह पर कायम है। नाट्य मंचन, उसका आयोजन आदि में मृदुला गर्ग खुद बच्चों के साथ भाग लिया करती थी तथा कार्य शालाएँ चलाया करती थी। स्कूल की खासियत थी कि सभी वहाँ मिलजुलकर रहा करते थे। किसी के प्रति कोई भेदभाव नहीं किया जाता था। एक पोलियोग्रस्त लड़की जिसका कलकत्ता में ऑपरेशन हुआ उसे कई दिनों तक चलने फिरने से मना किया गया था। पर उसे तकलीफ का ज्यादा अहसास न हुआ क्योंकि हर एक दिन कोई एक बच्चा उसकी सुरक्षा करता था कि किसी भी वजह से वह गिर न पड़े क्योंकि डॉक्टर की यह खास हिदायत थी। एक नाटक मिडसमर नाइट्स ड्रीम (शेक्सपीयर) में उस अपाहित लड़की ने भी भाग लिया और पुरी ईमानदारी, विश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ उसने अपने किरदार को निभाया।

विद्रोह की प्रवृति – मृदुला गर्ग इस बात का स्वयं खुलासा करती है कि वह अन्याय व शोषण को नहीं देख सकती। अन्याय के खिलाफ विद्रोह करने की प्रवृति उनके हृदय में सदैव हिचकौले खाती रहती है। इसी आक्रोश का जीता जागता नमुना हम उनके साहित्य रचनाओं में भी देख सकते हैं। मृदुला गर्ग ने जिस प्रवृति के तले अपने साहित्य का नया बीज बोया था उस बीज का अंकुर फूटकर एक विशालकाय फला-फूला वृक्ष बन चुका है। यह उनकी सही नींव और अन्याय के खिलाफ उठने वाली आवाज की जिज्ञासु प्रवृति का ही नतीजा है। वे खुद लिखती हैं 'किसी भी मूल्य या स्थिति को में केवल स्वीकार नहीं कर पाती क्योंकि वह है और सर्वमन्य है, होती आई है और सुरक्षा प्रदान करती है। अपने चारों और घटते अन्याय को देखकर में शांत, स्थिर नहीं रह पाती। अर्थ शास्त्र के मेंरे अध्ययन ने इसे और तीव्र किया है। व्यवस्था के लिए शेष और यथास्थिति को लेकर शंका इन्हीं की नींव पर मेरा लेखन खड़ा है। लगता है हर पल अपने सम्मुख खड़ी हूँ। अभी एक शंका और है उसका समाधान लिखने के बजाए में आंदोलन क्यों नहीं चलाती, लेखक क्यों हूँ, नेता क्यों, क्रांतिकारी क्यों नहीं, इस शंका का समाधन कौन करेगा, शायद समय।'

मृदुला गर्ग का कलाप्रेम – कला सबको पसंद होती है परन्तु कला की गहरी छाप उनके घर में हम देख सकते हैं। उनके द्वारा सजाई वस्तुएँ देखने लायक है। लकड़ी की वस्तुएँ और हस्तकला की चीजें, उन्हें अधिक भाती है। अत: कलात्मकता उनके नस-नस में लेखन क बाद, समाई हुई है।

फूलों के प्रति उनका लगाव अत्यधिक था वे जो भी नए पौधे देखती तो उसकी तरफ आकृष्ट हो जाती। इस इच्छा ने उन्हें इतनी दिवानी बना दिया था कि नागफनी पर खिले फूलों को दिखाने के लिए रात को 12 बजे उनकी बाई उनको बुला लाई थी। दोनों उसे इतनी रात गए निहारते जा रहे थे मृदुला गर्गको नौकरानी के घर का 12 साल पुराना पौधा इतना भा गया कि उसके संबंध में उन्होंने ये शब्द लिखे 'कैक्टस पर खिले फूल, का सौन्दर्य, आम फूल से बिल्कूल भिन्न होता है। अवर्णनीय, अनुपम।'

संवेदनशीलता – लेखिका की संवेदनशीलता उनके व्यक्तित्व की निशानी है। इसके बगैर तो वे अधूरी नजर आती हैं लेखन कार्य और कृतियों में तो यह साफ-साफ नजर आता है। मगर जीता जागता सबूत 1984 भोपाल गैस काण्ड में मिलता है। उस घटना ने उनके हृदय को इतना अधिक झकझोर दिया था कि उनके कंठ, रूद गये थे। तब डॉक्टरी सलाह पर उन्होंने ऊँ नम: शिवाय का पाठ किया था इससे वे एक बार फिर जी उठी इस जहरीले प्रभाव से उनकी संवेदनशीलता का पता चलता है। इसका लिखित रूप विनाश दूत कहानी तथा तीन अन्य लेख एक भी चिड़िया नहीं चहचहाएगी, कालिदास का विद्रोही मेंघ, उदसीनता का जहर में मौजुद है। जो उनके चुकते नहीं सवाल कृति में संग्रहित है।

रसोई और पकवान – स्त्रियों का विभाग आम तौर पर रसोई को माना जाता है। मृदुला गर्ग ने इसे जिया है। लेकिन काम काजी महिलाओं के लिए यह समय लेने वाला कार्य होता है। लेखिका भी इससे बची नहीं अपने मायके में लेखिका ने कभी खाना नहीं बनाया था। उनके घर का माहौल इस तरह का था कि खाना पकाने के बारे में कभी, सोचा नहीं। यह सोच तब अपनी चरम सीमा पर पहुंची जब लेखिका ने एम.ए. के पहले स्तर पर 'पचेर पांचाली' पढ़ी

इसमें गरीबी से घिरे लड़के ने कहा था 'मेंरी माँ जैसे गुलगुले कोई नहीं बना सकता' (यह एक मारवाड़ी मिठाई है जो पकौड़े के आकार में होती है।) तब उन्हें यह अहसास हुआ कि उन्हें भी खाना पकाना चाहिए। इस वाक्य से रूबरू होने के बाद ही वे अपने परिवार के लिए स्वादिष्ट भोजन पकाती थी।

साहित्य यात्रा – मृदुला गर्ग का जन्म साहित्यिक परिवार में हुआ था। पिता साहित्य प्रेमी थे तो माँ भी हिन्दी, उर्दू के अलावा अंग्रेजी में भी रखती थी पिता जी इतिहास में भी रूचि रखते थे जिसका ज्ञान वे बच्चों को देते थे। 1963 के विवाह के बाद मृदुला गर्ग अपने पति के साथ दिल्ली छोड़ के अन्य राज्यों में घुमती रहत थी लेकिन 1974 के बाद वे दिल्ली में ही आकर बस गई।

परिवार की सम्पूर्ण जिम्मेंदारियाँ निभाने के साथ ही उन्होंने लेखन का कार्य पूर्ण किया। पति की देखभाल एवं बच्चों की परवरिश में अपना अधिक समय देती थी।

मृदुला गर्ग ने 1972 से लेखन की शुरूआत की। 1972 में उनकी पहली कहानी रूकावट सारिका पत्रिका में छपी। उस समय कमलेश्वर उसके संपादक थे, इसके लावा 'हरी विदी' 'लिली ऑफ दि वैली' 'दुसरा चमत्कार' कहानियाँ भी सारिका में प्रकाशित हुई। 1972 में उनकी 'कितनी कैदें' को कहानी पत्रिका द्वारा प्रथम पुरस्कार, 1974 में दिल्ली लौटने के बाद पहला उपन्यास उसके हिस्से की धुप का प्रकाशन और मध्यप्रदेश साहित्य परिषद से उसे महाराजा वीर सिंह पुरस्कार मिला। लेखिका ने अपने आरम्भिक दिनों के बारे में बताया है– 1975 में 37 वर्ष की आयु में मेंने जो छापना शुरू किया तो धकापेल छपती चली गई और बरसों मेंरे मन में जमी जड़ी अनुभूतियाँ पिघलकर ऐसे लावा बन गई थी कि पलभर भी चैन से बैठने न दिया। दस साल के भीतर पाँच कहानी, एक नाटक छप चुके थे, फिर भी पाठक थे कि आराम तसल्ली से पढ़ रहे थ। 1984 के बाद उनकी लेखन गति में एक प्रकार का अर्थ विराम आया। 1984 के बाद तेज गति से हो रहे लेखन में एक लम्बा विराम आया। अगले आठ सालों में दस कहानियाँ और एक नाटक जरूर पर शुरू से आखिरी तक तथ्य की जीवन्त अनुभूति भीतर तड़फड़ाने के बावजूद, उपन्यास शुरू नहीं कर पाई थी। हमें यह नहीं भुलना चाहिए कि लेखिका एक स्त्री है और स्त्री का घर के कामों में इतना समय व्यतीत होता है। इन जिम्मेंदारियों से अलग हटकर लिखने के लिए समय निकालना काफी मुश्किल होता है।

1975–76 में एक नुक्कड़ नाटक करने वाली लड़की जो झुग्गी झोंपड़ी में जाकर जागरूकता निर्माण कर रही थी उसका आत्महत्या करना तथा पिता का इमरजैंसी के समय बैचेन रहना, दोनों बातों को मृदुला गर्ग ने निकट से देखा था। 'शहर के नाम' इस कहानी से इसी की अभिव्यक्ति हुई है। इस कहानी में लेखिन के कारणों पर प्रकाश डालते हुए मृदुला गर्ग ने लिखा है 'बरसों वह मेंरे मन को झकझोंरती रही ऐसी ही एक दो और घटनाएँ जो इमरजेंसी में घटी मेंरी स्मृति का सघन अंश बनकर रह गई। मेंरे पिता जो इमरजेंसी से बहुत बैचेन थे उसके हटाये जाने का शुभ समाचार पाने के लिए जीवित नही रहे। पिताजी इतिहास में भी रूचि रखते थे। उनको इतिहास की जीतनी जानकारी थी वे अपने बच्चों को दे देते थे। मृदुला गर्ग को मिलाकर वे पांच बहनें और एक भाई हैं। बड़ी मंजुला भगत और छोटी चित्रा मृदुल हिन्दी की जानी मानी लेखिका है।

मृदुला गर्ग ने कहानी लेखन के रूप में लेखन कार्य आरम्भ किया। उनकी कहानियाँ पत्र पत्रिकाओं में पहले छपती थी। बागलकोट में उन्होंने 1970 को लिखना शुरू किया। 1971 में उनकी पहली कहानी 'रूकावट' सारिका में कमलेश्वर के संपादन में छपी। बाद की लिली ऑफ दि वैली 'दुसरा चमत्कार', 'हरी बिंदी' भी सारिका में ही छपी 1972 में दूसरी कहानी 'कितनी कैंदें' को कहानी पत्रिका द्वारा पुरस्कार प्राप्त हुआ। दिल्ली में 1974 ई. में स्वन्तत्र लेखन शुरू किया।

वे आज के साहित्य के सम्बन्ध में लिखती हैं 'पत्रिकाएँ भी कितनी ढेरों सारिका, कहानी, कल्पना, संवाद नवनीत, धर्मयुग, कहानीकार, रविवार, नटरंग, साप्ताहिक हिन्दुस्तान आदि। ऐसे संपादक अब कहां मिलेंगे, पत्रिकाएँ भी अब कहां रहीं? अब तो लेखक को युं खांचों में बांटा जने लगा है कि लगता है जल्दी ही रिवाज चल निकलेगा की कहानी के साथ अपनी जीवनी संपादक को भेजिए। सोचती हूँ अगर 1970 के बजाए मेंने 1990 में लिखना शुरू किया होता तो जाने किस खूँटी पर लटकी पाई जाती। 1970 में ही अभिनय के क्षेत्र में लेखिका ने श्रेय पाया। 1960–1963 तक अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका रही लेकिन उन्हें लेखन काय बनावटी लगता था, जिसकी झलक हमें उनके उपन्यास यउसके हिस्से की धूपय की नायिका 'मनीषा' में साफ नज़र आती है। 1970 के बाद 1971 में दोनों रास्तों से रूख मोड़कर एक सीधे पर कठिन रास्ते साहित्य लेखन पर चल पड़ीं। उन्होंने अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम लेखन को बनाया। इसलिए 1970 के आस पास लेखन कर्म में जुट गई।

बचपन में ही मृदुला गर्ग ने अपने पिता से विरासत के रूप में साहित्य को अपनाया। उनके साहित्यकार बनने के पीछे मुल कारण उनके जीवन के अनुभव है। उन्होंने हिन्दी और अंग्रेजी के जो भी साहित्य पढ़े चाहे वे अनुदित हो या मेंलिक अनुभव प्राप्त किए। सामाजिक और वैयक्तिक स्तर के अनुभव ही हमारे सामने आए हैं।

'ड्राफ्ट नहीं बनाती हूँ पर दिमाग में सृजन प्रक्रिया चल रही होती है तो खाना पीना, डिस्टर्ब रहता है। किसी भी चीज़ को जी रहे हैं तो वास्तविक व दिमागी दुनिया में जीते हैं। कभी भी पूरी तरह इस दुनिया में नहीं जीते हैं। किसी भी विवाह पार्टी में जाकर सिर्फ इन्जॉय ही नहीं होता। उस प्रसंग को कैसे किसी उपन्यास या कहानी में प्रयोग किया जा सकता है यह ध्यान बना रहता है।'

मृदुला गर्ग अभिव्यक्ति की महता बताते हुए कहानी चाहती है कि जिस प्रकार दु:ख और पीड़ा का अनुभव चाहे वह स्त्री की प्रसव वेदना है या किसी भी इन्सान की अपनी शारीरिक या मानसिक दु:ख भरी दास्तान, उसी पीड़ा का अनुभव चाहे वह बड़ी हो या छोटी, वह आदमी नहीं कर सकता। जिसे पीड़ा की कहानी सुनाई जा रही हो। वही इंसान जिसने यह अनुभव किया है। इस पीड़ा की गहराई को अनुभव कर सकता है। उसी प्रकार साहित्यिक कृति के जन्म संबंधी पीड़ा का अनुभव वही साहित्यकार कर सकता है, जिसने इसे अनुभव किया है। रचनात्मक पीड़ा वैयक्तिक होती है। वे अभिव्यक्ति स्वतंत्रता बताने के साथ सामाजिक व्यवस्था के अन्याय के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त करती हुई लिखती है कि 'जीवन में जो कुछ घटता है, जो गहरे छूता है व्यथित करता है, जो नाकाबिले बर्दाश्त होता है। सभी तो मन के उस गुप्त कोनों में छिपे होते हैं। जहाँ मेंरे परिचित दोस्त, सगे संबंधी झाँककर नहीं देख सकते। सब–कुछ बिलकुल अकेले झेलती चली जाती हूँ। फोटो की तरह यह अनुभव दु:खते टीसते हैं। धीरे–धीरे पकते हैं और आखिर एक दिन फूट ही जाते हैं। कहानी, उपन्यास के रूप में जो कुछ सोचती हूँ, महसूस करती हूँ, जो व्यवस्था मुझमें वितृष्णा जगाती है। अन्याय जो क्रोध का उफान

लाता है वही तो इन कहानियों और उपन्यासों का कथय है।'

मृदुला गर्ग का कृतित्व –हिन्दी साहित्य में सातवें दशक की प्रमुख रचनाकार है। उन्होंने साहित्य की लगभग सभी रचनाओं पर लेखन कार्य किया है। उनका साहित्य समाज को दिशा प्रदान करता है क्योंकि उन्होंने समाज की विसंगतियों को उजागर कर उन्हें दूर करने के विभिन्न प्रयासों का वर्णन किया है। वे एक जागरूक रचनाकार है जिन्होनें समय की नब्ज को पहचान कर उसके अनुसार साहित्य रचना की है। उनका व्यक्तित्व लेखकीय प्रतिभा का ही परिचायक रहा है। उन्होंने नारी की परम्परागत छवि को बदलकर नयी चेतना, जागरूकता पर बल दिया है।

'1975 में 37 वर्ष की आयु में जो छापना शुरू किया तो धक्कापेल छपती चली गई और बरसों मेंरे मन में जमी पड़ी अनुभूतियाँ पिघलकर ऐसे लावा बन गई। पल भर भी चेन से बैठने नहीं दिया। दस साल के भीतर मेंरे पाँच उपन्यास, पाँच कहानियाँ संग्रह और नाटक छप चुके थे।'

उपन्यास – हिन्दी उपन्यास साहित्य में मृदुला गर्ग ने अपनी एक विशिष्ट पहचान बना ली है। 'अनित्य', 'कठगुलाब', 'चितकोबरा' तथा 'उसके हिस्से की धूप' जैसी रचनाएँ लिखकर लेखिका ने न केवल इस विधा को समृद्ध किया बल्कि उपन्यास जगत में अपना एक मुकाम भी हासिल किया। उपन्यास के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए लेखिका कहती है – 'उपन्यास एक शहर की तरह होता है, जिसके विस्तार में लेखक उसी तरह खेल सकता है जैसे ईश्वर सृष्टि से खेलता है। एक विराट विदूषक वह है और एक लेखक बनने का मजा उपन्यासकार ले सकता है। उच्छेदन में क्या कम सुख है?' 'उपन्यास वह होता है, जिसका प्रवेश द्वार भीतर घुसने के बाद बंद हो जाता है। बाहर निकलने के लिए दरवाजा ही नही, रास्ता भी तलाश करना पडता है, बल्कि जमीन खोदकर झाड़-झंकार साफ करके, खुद बनाना भी पड़ता है। सीधे रास्ते से जाकर सीधे रास्ते लौट आने का काम पर्यटकों का होता है, उपन्यासों का नही। मजे की बात यह है कि तलाश का सुख उपन्यास के लेखक को ही नहीं पाठको को भी मिलता है। उपन्यास के शहर से बाहर निकलने के लिये अनेक वैकल्पिक दरवाजे नजर आते है। लेखक किसी एक को चुन लेता है तब भी विकल्प समाप्त नही होते।'

मदुला गर्ग द्वारा लिखित उपन्यासों को अनेक विद्वानों ने चर्चा करते हुए काफी सराया भी है। अब तक मृदुला गर्ग ने सात उपन्यासों की रचना की है। 'उसके हिस्से की धूप' (1975), 'वंशज' (1976), 'चितकोबरा' (1979), 'अनित्य' (1980), 'मैं और मैं' (1984), 'कठगुलाब' (1996) तथा काफी लम्बे समय के बाद 'मिलजूल मन' (2009)।

कथा साहित्य – मृदुला गर्ग ने युगीन परिस्थितियों के अनुसार स्त्री पात्रों को परम्परागत सोच से मुक्त कर नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहानियों में स्त्री पात्रों के अलावा गरीब, बेबस, लाचार एवं असहाय लोगों का भी वर्णन किया है जो कि समाज में निरन्तर संघर्षशील रहते है। लेखिका ने पुरानी नारी के आडम्बरों को मिटाकर नारी समाज को नई दिशा व पहचान प्रदान की है। उसे परम्परागत सोच व मूल्यों से मुक्त कर नए भाव बोध से रूबरू करवाया हैं। स्त्री में स्वाभिमान भाव को जगाया है। एंव दाम्पत्य जीवन की सुक्ष्म भावनाओं एवं तनाव सभी सन्दर्भो को पकड़ा है। और अपनी रचनाओं में उसे व्यक्त किया है तथा नारी मुक्ति के विभिन्न प्रश्नों का समाधान भी प्रस्तुत किया है। आठवें दशक से लेकर अब तक उनके सात कहानी संग्रह प्रकाशित हुए है – 'कितनी कैदे' (1975), 'टुकड़ा-टुकड़ा आदमी' (तृतीय संस्करण – 1995), 'डेफोडिल जल रहे है', 'ग्लेशियर से (1980)', 'उर्फ सैम' (1986), 'शहर के नाम' (1990), 'समागम' (1998)।

